दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरुवार 27 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 258 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## ध्वनिमत से लोकसभा स्पीकर चुने गए ओम बिरला



**नई दिल्ली।** ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा स्पीकर चुने गए हैं। बिरला को ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद पीएम मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी सरप्राइज से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन अचानक ट्विस्ट तब आया जब ध्वनिमत से बिरला को अध्यक्ष चुने जाने पर विपक्ष ने वोटिंग की मांग ही नहीं रखी और इसे मान लिया।

**दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिरला :** पीएम मोदी ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर ओम बिरला को बधाई दी। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष का बनकर इतिहास रच दिया है। लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले वह तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे।अगर बिरला पूरे 5 सालों तक स्पीकर बने रहते है,तो यह एक रिकॉर्ड बनेगा। अब तक कोई भी 10 सालों तक स्पीकर नहीं रहा है।

ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हमारा विश्वास है कि आप आने वाले पांच साल तक हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया।






# आज के भारत में आपातकाल की पुनरावृत्ति नहीं होगी : उपराष्ट्रपति

## उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत में संवैधानिक प्रजातंत्र की नींव बेहद मजबूत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड साहिबाबाद में आयोजित एक समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति ने सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड सीईएल के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित किया। बुधवार को ही सीईएल को मिनीरत्न कंपनी का दर्जा मिला है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुछ वर्ष पहले घाटे में चलने वाली सीईएल लाभ देने वाली मिनीरत्न बनना बहुत उत्साहजनक है।

सीईएल को रोल मॉडल बताया और दूसरों को इसकी सफलता से प्रेरणा और ऊर्जा लेनी चाहिए। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने कहा है कि आज प्रौद्योगिक हमारे जीवन एक अभिन्न अंग, तकनीक और नवाचार जीवन को बदलने का प्रभावी मार्ग है। उपराष्ट्रपति ने ग्रीन उर्जा के के क्षेत्र में बैटरी और चार्जिंग तकनीक पर शोध पर बल दिया। बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने कहा- '1975 में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अंधेरे में चला गया था। आज के भारत में आपातकाल की पुनरावृत्ति नहीं होगी, क्योंकि भारत में लोकतंत्र बहुत मजबूत है और गांव, राज्य, संघ स्तर पर संवैधानिक रूप से इसकी गारंटी है।'

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने सौंपा मिनीरत्न

**करंट क्राइम :** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड सीईएल स्वर्ण जयंती समारोह बुधवार को मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने स्वर्ण मंडपम का उदघाटन किया और स्वर्ण जयंती समारोह



के प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। बुधवार को इस मौक पर उन्होंने सीईएल को मिनीरत्न का दर्जा भी प्रदान किया है। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने सीईएल के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों की भूमिका को स्वीकार करते हुए उन्हें नए भारत का निमार्ता बताया। सीईएल को घाटे में चल रही फर्म से विनिवेश की कगार पर लाकर 'मिनीरत्न' का दर्जा देने की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सीईएल दूसरों के लिए खुद को ऊजार्वान बनाने और खुद को प्रेरित करने के लिए एक रोल मॉडल है, ताकि वे भी इसी तरह आगे बढ़ें।

### स्वागत से लेकर समारोह तक साथ रहे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**करंट क्राइम :** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड सीईएल स्वर्ण जयंती समारोह बुधवार को आयोजित हुए। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के स्वागत समारोह से लेकर सीईएल परिसर में हुए कार्यक्रम के दौरान यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा कदम से कदम मिलाकर साथ रहे। उनका स्वागत करने से लेकर पूरे समारोह में साथ रहे। बता दें कि सीएम व राज्यपाल के कार्यक्रम में नहीं होने पर खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनील शर्मा को पूरे कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे। वहीं उनको इस पूरे आयोजन की मुख्य रुप से कमान भी सौंपी गई थी। समारोह में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सहित कंपनी के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।





### भविष्य में सीईएल साहिबाबाद का होगा विश्व स्तर पर नाम

**करंट क्राइम :** युद्ध क्षेत्र में तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, टोही और निगरानी द्वारा बदलते सुरक्षा परिदृश्य को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा में सीईएल के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि कंपनी सभी के केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक्स है। इलेक्ट्रॉनिक्स किसी भी भविष्य के तकनीकी विकास और विस्तार का मूल, आधार बनता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उएछ द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा कोई विकल्प नहीं है, बल्कि यह भविष्य है।



## संसद में जिंदाबाद के बाद अतुल गर्ग ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

### सोशल मीडिया पर लिखा राहुल गांधी का भाषण भी लगा तर्कपूर्ण और समझदारी से भरा

**वरिष्ठ संवाददाता, गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का सेंस ऑफ ह्यूमर गजब का है। उनके बारे


Atul Garg
Atul Garg
1h ·
आज राहुल गांधी जी का भाषण भी तर्क पूर्ण व समझदारी का लगा ख़ास तौर से 26 जून जब इमरजेंसी लागू हुई थी उन्होंने बार बार अपने भाषण में जनता की आवाज को और विपक्ष की आवाज को न दबाने की बात कही ।
ऐसा लगता है कि वह अपनी दादी इंद्रा गांधी जी से सहमत नहीं थे ।

में कहा जाता है कि वो केवल आलोचना से ही सामने वाले को टारगेट नहीं करते हैं बल्कि वो तारीफ से भी अपने विरोधी को ढेर करने की कला जानते हैं। सियासत वालों में उनके तारीफ बाण का जिक्र होता है। बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग हमेशा सधे हुए शब्दों के साथ निशाना साधते हैं। कम शब्दों में बड़ा संदेश देना जानते हैं। यही वजह है कि संसद में पहले दिन उन्होंने शपथ लेते ही अपने पहले दिन को यादगार बनाया। जब उन्होंने संसद में जिंदाबाद का नारा दिया तो विपक्ष वाला खेमा शोर से गूंज उठा। अतुल गर्ग विपक्ष के इस जज्बे को देखकर वापस लौटे और फिर से एक जिंदाबाद बोली और तब अपने स्थान पर लौटे। अतुल गर्ग का ये अंदाज बता रहा है कि लोकसभा वाली पारी में वो केन्द्र बिन्दु रहेंगे। सदन के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने तारीफ बाण से लोकसभा में नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी को घेरा। इस तारीफ से उन्होंने राहुल गांधी के शब्दों का ही अर्थ निकालकर कहा कि ऐसा लगता है कि वह अपनी दादी इन्दिरा गांधी से सहमत नहीं है। अतुल गर्ग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा कि आज राहुल गांधी जी का भाषण भी तर्कपूर्ण व समझदारी का लगा। खासतौर से 26 जून जब इमेरजेंसी लागू हुई थी उन्होंने बार बार अपने भाषण में जनता की आवाज को और विपक्ष की आवाज को ना दबाने की बात कही। ऐसा लगता है कि वह अपनी दादी इंदिरा गांधी से सहमत नहीं है। अब अतुल गर्ग ने तार के सिरों को उस समय की सरकार से जोड़ा। अतुल गर्ग का ये अंदाज बता रहा है कि आगाज ऐसा है तो अगली पारी कैसी होगी। उन्होंने अपनी पारी के पहले ओवर की पहली गेंद पर मंगलवार कोऐसा शॉट मारा था कि पूरे विपक्ष से आवाजें आने लगी थी और फिर अगले दिन उन्होंने सीधे सीधे नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा।





### जब रामलीला के मंच से की थी सुरेन्द्र गोयल की तारीफ

**करंट क्राइम।** शहर के लोगों को याद होगा कि अतुल गर्ग और सुरेन्द्र गोयल के बीच चाचा भतीजे के रिश्ते थे। अतुल गर्ग ने सुरेन्द्र गोयल को हमेशा चाचा ही कहा और एक बार तो सुरेन्द्र गोयल ने कुश्ती का ऐलान किया था। इस ऐलान का करंट काफी दिन तक रहा था और यहां भी अतुल गर्ग ने शाब्दिक मर्यादा के साथ सियासी हमले का जवाब सियासी भाषा में दिया था और जब रामलीला मैदान के मंच से अतुल गर्ग ने माइक संभाला तो उन्होंने सुरेन्द्र गोयल की तारीफ की थी और इस तारीफ बाण से उन्होंने सुरेन्द्र गोयल की फिल्डिंग कांग्रेस में ही लगा दी थी। लिहाजा सियासत के लोग जानते हैं कि अतुल गर्ग की आलोचना उतना खतरनाक नहीं है जितना खतरनाक उनके तारीफ बाण हैं।

## गंगनहर प्रकरण को लेकर विधायक ने किया पुलिस को टारगेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर को गंगनहर का किस्सा गूंज रहा है। यहां कुछ दिन पहले कैमरे को लेकर हंगामा मचा था और महंत पर आरोप लगे थे। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज है और पुलिस महंत की तलाश में है। इसी बीच विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने बयान जारी किया और कहा कि मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैंने यहां लोगों की डुबोकर हत्याऐं करने के मामले को उठाया था और इसके बाद खुलासा हुआ था।

उस समय रितु माहेश्वरी गाजियाबाद की डीएम थी और जब पुलिस ने इस मामले में जांच की थी तो कई हत्याओं का खुलासा हो गया था। उसी समय ये तय हुआ था कि कैमरे लगाकर भी घाट पर रहने वाले संदिग्ध युवकों पर निगाह रखी जाये। एक साल पहले भी एक लड़की को डुबोने का प्रयास हुआ था और उसी के आधार पर कार्यवाही हुई थी। विधायक ने कहा कि किसी भी घटना को दबाने से अपराध समाप्त नहीं होता है बल्कि पुलिस को चाहिए कि वो यहां लोगों कर डुबोकर मारने और उनको लूटने वाले गिरोह का खुलासा करें, कातिलों को पकड़ा जाये। विधायक ने कहा कि इस पूरे मामले की पूरे निष्पक्ष तरीके से और कई दृष्टिकोणों से जांच होनी चाहिए। अगर यहां से कैमरे हट गये तो यहां की निगरानी जीरो हो जायेगी और यहां आने वाले लोगों की जान को खतरा हो जायेगा। तस्वीर के हर पहलू को देखा जाना चाहिए।

### कहा घटना को दबाने से कम नहीं होता है अपराध






### विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने उठाया था सबसे पहले यहां होने वाली मौतों का मुद्दा

**करंट क्राइम।** मुरादनगर गंगनहर पर अक्सर नहाते समय लोगों के डूबने की खबर आती थी और आम जनता से लेकर पुलिस यही मानकर चलते थे कि डूबने से मौत हुई है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने सबसे पहले इस मामले को उठाया और उसके बाद हरियाणा का एक परिवार सामने आया। विधायक के आरोपों की जब जांच हुई तो इस प्रकरण की गूंज पूरे देश में हुई थी। यहां ये बताया गया था कि अपराधियों का एक गिरोह यहां संगठित तरीके से काम कर रहा था और यहां लोगों को नहर में डुबा कर मारने के मामले भी आये थे। एक बार फिर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मुरादनगर गंग नहर की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया है और उन्होंने कैमरे को सुरक्षा और निगरानी से जोड़कर एक नए सवाल को जन्म दिया है।



### कांवड़ यात्रा से पहले यहां बनाना होगा एक व्यवस्थित वातावरण

**करंट क्राइम।** मुरादनगर का इलाका मिश्रित आबादी का इलाका है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर के आरोपों में कितनी सच्चाई है इसकी जांच होनी चाहिए। जिन अपराधिकयों को जेल भेजा गया था वो अब कहा हैं और अब क्या कर रहे हैं इसका पता लगाया जाना चाहिए। घाट से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच होनी चाहिए। सबसे बडी बात ये है कि जुलाई महीने में कावंड़ मेला आ रहा है और मुरादनगर गंगनहर से लाखों कावंड़िया गुजरेगा। ऐसे में कावंड़ मेले से पहले ही यहां का माहौल व्यवस्थित होना चाहिए। पूरी कहानी का काटक्षेप होना चाहिए। और सबसे बडी बात ये है कि यहां पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

## IGRS: कमिश्नरेट में बढ़ रही है असंतुष्ट फीडबैक की संख्या

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में आईजीआरएस व्यवस्था पर पुलिस के अधिकारियों की लापरवाही मुसीबत का सबक बन सकती है। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में जिलों के कप्तान और कमिश्नरों को समीक्षा बैठक में शिकायत निवारण प्रणाली और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम पर ठीक प्रकार से काम करने का निर्देश दिया है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में भी एक अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त एसीपी स्तर के अधिकारियों को आईजीआरएस पर रिपोर्ट ठीक प्रकार से अपलोड करने और मुख्यालय पर असंतुष्ट फीडबैक की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ने पर चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि पुलिस आयुक्त द्वारा भेजे जाने वाली सभी आईजीआरएस जांच को एसीपी स्तर के अधिकारी भी ध्यान लेकर देखें और फिर यह अपलोड की जाए।







### क्या है आईजीआरएस व्यवस्था

**करंट क्राइम :** समन्वित शिकायत प्रणाली यानी आईजीआरएस एक ऐसी व्यवस्था है जो सरकारी सिस्टम को पारदर्शी व जवाब देय बनाने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई थी ।आईजीआरएस में कोई भी पीड़ित व्यक्ति घर बैठे ऑनलाइन शिकायत जिला स्तरीय अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक कर सकता है। आईजीआरएस फोल्डर पर शिकायत मिलते ही संबंधित अधिकारी के पास निर्धारण के लिए भेजा जाता है। इसके बाद संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर समस्या की जानकारी करते हैं, समस्या का निराकरण कर उसकी रिपोर्ट ऑनलाइन आईजीआरएस पर दर्ज करते हैं। पुलिस कप्तान, कमिश्नर, जिलाधिकारी की जनसुनवाई में आने वाली शिकायतें को भी जांच के बाद आईजीआरएस फोल्डर पर दर्ज कराया जाता है। शासन की मंशा है कि ऐसा कर पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलवाया जा सके और शासन और प्रशासन की व्यवस्था पर जनता भरोसा करें।

### क्या जुलाई की आईजीआरएस रिपोर्ट पर दिखेगा कमिश्नरेट सिस्टम में असर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट वाले लोकल सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस के एक अधिकारी द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। इस पत्र जारी होने के बाद एसीपी स्तर पर आईजीआरएस रिपोर्ट अपलोड व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा और असंतुष्ट लोगों की रिपोर्ट के ग्राफ में कमी लाने का प्रयास होगा।

## जब डीएम की गाड़ी के आगे बैठ गई आईएएस बनने का सपना देखने वाली छात्रा

### आईएएस कोचिंग को लेकर सही गाइडेंस ना मिलने को लेकर थी परेशान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजय नगर थानाक्षेत्र में रहने वाली दसवीं कक्षा की एक छात्रा लंबे समय से आईएएस की परीक्षा के पाठ्यक्रम और पढ़ाई को लेकर बदलाव की मांग कर रही है। पूर्व में अधिकारियों ने उसे निशुल्क कोचिंग करने का आश्वासन भी दिया था। बताया जा रहा है बुधवार को वह छात्रा विजयनगर अपने आवास से जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची। वहां उनसे मुलाकात की अपनी मांग रखी और इसके बाद वह जिलाधिकारी कार्यालय में परिसर पर खड़ी उनकी कार के आगे बैठ गई। इस दौरान वहां मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। छात्रा ने कहा कि वह आईएएस परीक्षा में बदलाव और विषय को लेकर परेशान है लेकिन उसकी कोई मदद नहीं कर रहा है। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने उसे समझाया और फिर पुलिस के साथ उसके आवास भेजा गया। हालांकि बताया जा रहा है कि छात्रा अभी दसवीं की ही छात्रा है, पर वह अपने भविष्य और आईएएस बनने के सपने को साकार करने के लिए बेहद परेशान रहती है।



### छात्रा सोशल साइंस की पढ़ाई को लेकर थी परेशान

**करंट क्राइम :** सूत्रों से जानकारी मिली है कि छात्रा विजयनगर जिलाक्षेत्र की रहने वाली है। दसवीं की छात्रा है और वह चाहती है कि सिविल सर्विसेज की तैयारी करने के लिए उसे दसवीं से ही निशुल्क कोचिंग और एडवाइस दिए जाएं। वह सोशल साइंस की पढ़ाई को लेकर बेहद चिंतित है।

### अधिकारी पहले भी छात्रा को कर चुके हैं गाइड

**करंट क्राइम :** आईएएस बनने का सपना देखने वाली छात्रा जब जिलाधिकारी की कार के आगे बैठ गई तो इस मामले को लेकर जब कई अधिकारियों से बातचीत की गई। तो पता चला कि यह छात्रा पहले भी कई अधिकारियों से मिल चुकी है। अधिकारियों द्वारा उसे कई तरीके का मार्गदर्शन दिया गया था लेकिन उससे वह संतुष्ट नहीं हुई थी।

पूर्व में उसे कई अधिकारियों ने मार्गदर्शन भी दिया लेकिन वह संतुष्ट नहीं हुई और बुधवार को नाराज होकर जिलाधिकारी की गाड़ी के आगे बैठ गई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 27 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# गड्डों की करेंगे अधिकारी निगरानी ताकि भरे ना उनमें बारिश का पानी

## अब तक 56 गड्ढे आए हैं रडार पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक इन दिनों जलभराव की समस्या के समाधान और बारिश के दिनों में गड्डों में जलभराव को लेकर पूरा प्लान तैयार कर रहे हैं। मानसून सर पर है और गाजियाबाद नगर निगम तैयारी में जुटा हुआ है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जलकल और स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ बैठक करते हुए जलभराव की समस्या पर काबू पाने के लिए जोनवार निर्देश दिए गए हैं।

तो स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ और जलकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मॉनिटरिंग करते हुए अब तक 56 ऐसे हॉटस्पॉट तय किए गए हैं जहां पर अधिकारियों को बारिश के दिनों में गड्डों की निगरानी करनी है। उनमें पानी नहीं भरना चाहिए ऐसा निर्देश दिया गया है। इसी के साथ अधिकारियों द्वारा बारिश के दिनों में जलभराव को रोकने की तैयारी करते हुए, ऐसे स्थान भी बनाए गए हैं जहां जल भराव को देखते हुए पंप सेट लगा दिए गए हैं ताकि बारिश के दिनों में आमजन को परेशानी ना हो।



### दुर्घटना और परेशानी से बचने का बनाया गया है पूरा प्लान

**करंट क्राइम।** बीते तीन दिनों के भीतर नगर निगम के शीर्ष अधिकारियों से लेकर महापौर और नगर आयुक्त द्वारा जलकल और स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ बैठकर की जा रही हैं। जलभराव के हॉटस्पॉट तय करने के साथ ही अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। साथ ही कोई दुर्घटना और लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए आने वाले दिनों में टोल फ्री नंबर भी जारी करने का अधिकारियों द्वारा प्लान बनाया जा रहा है।





## इन स्थानों पर तैनात किए गए हैं यह अधिकारी

**करंट क्राइम ।** नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सिटी जोन प्रथम के अंतर्गत संतोष मेडिकल के बराबर, गांधीनगर, सिविल डिफेंस पार्क के चारों , जीडीए ऑफिस के पास, गांधीनगर हरि मंदिर, नगर निगम मुख्यालय के चारों ओर और राइट गंज का इलाका है। यहां पर जलकल विभाग के अधिकारी आस कुमार सहायक अभियंता और अजय कुमार अवर अभियंता के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के ओमपाल जेडएसओ और संजीव कुमार क्षेत्रीय सफाई अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सिटीजन द्वितीय इलाके में वरदान अस्पताल स्थाई जलभराव, मोरटा के पास वार्ड-16 के तालाब के पास, मेरठ रोड तिराहा, छबील दास पटेल नगर, नंदग्राम डी-ब्लॉक, नंदग्राम ई-ब्लॉक, आश्रम रोड दीनदयालपुरी, संगम विहार नंदग्राम, मरियम डिग्री कॉलेज के पास का इलाका चिन्हित किया गया है। यहां भी उपरोक्त अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सिटी जोन तृतीया के अंतर्गत हिंडन मेट्रो अंडरपास पर भी आस कुमार व अजय कुमार ओमपाल व संजीव कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। तो कवि नगर जोन में गोविंदपुरम सी-ब्लॉक पार्थ होटल के पास नल बंद होने




के कारण, कर्पुरीपुरम, चिरंजीव विहार सेक्टर-02 और सेक्टर-04, शास्त्री नगर जी और एच ब्लॉक, डायमंड फ्लाईओवर के पास, महरौली गांव में जलभराव पर भी उपरोक्त अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही विजयनगर जोन के सिद्धार्थ विहार एनएच-24 प्रभावित स्थाई जलभराव, क्रिश्चियन नगर बाबू एनएच-24 के प्रभावी स्थाई जल भराव, डूंडाहेड़ा तालाब के पास, चरण सिंह कॉलोनी एनएच-24 से प्रभावित, काशीराम योजना में इंजन लगा स्थाई जल भराव, सर्वोदय नगर वार्ड-14 एनएच-24 प्रभावित जलभराव, शिवपुरी एनएच-24, अंबेडकर नगर एनएच-24, भीम नगर, सी- ब्लॉक सुदामापुरी, सुदामापुरी लाल क्वार्टर, प्रज्ञा विहार एनएच-24 से प्रभावित, गऊशाला अंडरपास पर आस कुमार सहायक अभियंता, शेष मणि यादव और ओमपाल व नरेंद्र कुमार क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मोहन नगर में भोपुरा चौक, डीएलएफ कॉलोनी 15 फुटा रोड के पास, 80 फुटा रोड, लाजपत नगर एल-ब्लॉक, राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के साथ ही अर्थला लाल क्वार्टर वार्ड- 28, अर्थला मेट्रो स्टेशन जीटी रोड शनि मंदिर के पास, अप्सरा बॉर्डर स्थाई जलभराव, डीएलएफ कॉलोनी, शालीमार गार्डन, विक्रम वार्ड-37 यहां पर ओमपाल सिंह सहायक अभियंता, सोमेंद्र तोमर अवर अभियंता, पवन कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक व नरेश कुमार क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही वसुंधरा जोन में बृज विहार एल- ब्लॉक, सौर ऊर्जा मार्ग, कौशांबी वेव सिनेमा के पास, वसुंधरा सेक्टर-13, जयपुरिया एनक्लेव, शॉप्रिक्स मॉल के सामने, वैशाली सेक्टर-3, बृज विहार एल ब्लॉक, एलिवेटेड रोड एग्जिट प्वाइंट दिल्ली की ओर से, साहिबाबाद अंडरपास गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अर्थला अंडरपास को स्थाई जल भराव का केंद्र बनाया गया है। यहां सहायक अभियंता ओमपाल सिंह और अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर के साथ ही मुख्य सफाई निरीक्षक पवन कुमार व क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक हिमांशु भारद्वाज को ड्यूटी पर पहले ही निर्धारित कर दिया गया है।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लिखा मुख्यमंत्री को लैटर उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन के मामले को रखा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के पूर्व पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के नेता हिमांशु लव ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने गाजियाबाद स्थित उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन के संबंध में आपत्ति जताई है। उन्होंने इस पत्र में लिखा है कि पहले नगर निगम ने दोनों समाज के लिए उक्त भवन उपलब्ध कराए। शासन द्वारा धन उपलब्ध कराया गया।





वर्तमान में नगर निगम द्वारा समाचार पत्रों में खुली बोली के लिए दोनों भवनों को लीज पर देने के विज्ञापन प्रकाशित किए जा रहे हैं। हिमांशु लव ने इस पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री जी को याद होगा जिस समय इन दोनों भवनों को उत्तरांचल भवन और पूर्वांचल भवन को समर्पित किया गया था, यह आपके द्वारा कहा गया था कि उत्तरांचल मेरी जन्म भूमि है और पूर्वांचल मेरी कर्मभूमि है। इसीलिए दोनों ही समाज से मेरा व्यक्तिगत नाता है, यदि नगर निगम इन दोनों भवनों को किसी अन्य व्यक्ति को लीज पर दे देता है तो वह व्यक्ति बैंक्विट हॉल बनाकर इसका व्यावसायिक इस्तेमाल करेगा। आपके द्वारा जिस उद्देश्य से दोनों समाजों की मांग को पूरा किया था वह समाज लोगों के विवाह-शादी अथवा समाज के विषय पर कोई सम्मेलन व सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भावनों में कर सके ऐसा नहीं हो पायेगा। इसका व्यवसायीकरण हो जाएगा और दोनों समाज के लोग वहीं खड़े रह जाएंगे जहां पर वह पहले खड़े थे। हिमांशु लव ने यह भी कहा है कि यहां पर मैं यह भी उल्लेख करना चाहता हूं कि नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा जितने भी कम्युनिटी सेंटर थे सभी को प्राइवेट अन्य व्यक्तियों को लीज पर दे दिया गया है और बैंक्वेट हॉल बनाकर उनका व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। जो कम्युनिटी सेंटर 5 से 10 हजार रुपये में उपलब्ध हो जाते थे, अब वह दो से ढाई लाख रुपए में भी लोगों को नहीं मिलते हैं। गरीब लोग इसमें शादी एवं कार्यक्रम नहीं कर सकते हैं।

ऐसे व्यावसायिक भवनों के बाहर ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही रोड पर शामियाना लगाना शादी विवाह अन्य कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। आखिर ऐसे सब चलता रहेगा तो गरीब आदमी कहां जाएगा।

मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले पर उन्होंने ध्यान देते हुए इसके सही हाथों में दिए जाने की मांग भी उठाई है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने यह लैटर वर्तमान सांसद भारत सरकार अतुल गर्ग, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद जनरल वीके सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद और जिलाधिकारी गाजियाबाद को भी भेजा है।


# लोनी के क्रान्तिकारी विधायक ने धारण कर ली है फिलहाल शांति

## गनर स्वीकार करने की बात पर बोले मानसिक सत्याग्रह है जारी

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर क्रान्तिकारी विधायकों में गिने जाते हैं। मोर्चा खोल देते हैं और इन दिनों जिले के एक बड़े पुलिस अधिकारी के साथ उनके विवाद की गूंज लखनऊ तक है। एक के बाद एक लैटर जारी कर आरोप लगाये। स्वयं लखनऊ में जाकर मुख्यमंत्री से मिले और फिर उन्होंने ये ऐलान किया था कि वो जल्द ही मोर्चा खोलेंगे। लेकिन क्रान्तिकारी विधायक की शांति इन दिनों चर्चा में है। वो क्रान्ति करने की बात कह रहे थे लेकिन अचानक से वो शांति वाले मोड में आ गये। जिस बात को लेकर मुद्दा शुरू हुआ था वो बात गनर वाली बतायी जाती है। गनर वापस लौटाने को भी पत्र लिखा गया और फिलहाल ये मामला शांत हो गया। दैनिक करंट क्राइम ने लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से बात की। जब करंट क्राइम ने उनसे ये सवाल किया कि पुलिस लाइन से तो गनर विधायक निवास पर जाते हैं तो क्या आप गनर अपने साथ ले जाते हैं। क्या आपने गनर स्वीकार कर लिये हैं। इस सवाल पर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि यह सही है कि गनर मेरे आवास पर आते हैं।







### बन रही है कोई रणनीति या फिर मान लिया है इसे नियति



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की बात करें तो उन्होंने मोर्चे तो पहले भी खोले हैं लेकिन कमिश्नरेट बनने के बाद जिले के बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ ऐसा मोर्चा पहली बार खोला। गृह मंत्रालय से लेकर मीडिया तक पत्र जारी किये। अधिकारी पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया और एक पत्र सबसे ज्यादा चर्चा में वो रहा है जिसमें एक सामान्य बैठक में अन्य विधायक और सांसद भी शामिल हुए। ये पत्र इस फोटो के साथ मीडिया में आया लेकिन अगले दिन ही अन्य विधायकों ने सधे हुए शब्दों में यूटर्न ले लिया। ये ऐसा मोड था जहां ये लगा कि मुद्दा अब केवल नन्द किशोर गुर्जर का रह गया है। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में पहुच चुका है मुलाकात भी हो चुकी है। राजनीति के जानकार इसे दूसरे नजरिये से भी देख रहे हैं। उनका मानना है कि सरकार में विधायक की आवाज में दम होता है और ये माना जाता है कि सरकार के विधायक की आवाज सरकार तक सीधे पहुंचती है। लेकिन यहां सीन थोड़ा अलग है और ऐसे में ये माना जा रहा है कि ये मानसिक सत्याग्रह वाली शांति है या इसे सियासी नियति मानकर विधायक ने खामोशी साध ली है।

लेकिन यह भी सही है कि मैं सरकारी गनर को कहीं नहीं ले जाता हूं। उन्होंने गनर स्वीकार करने की बात कही लेकिन कहा कि उनका विरोध जारी है और शांति का कारण बताया कि मानसिक सत्याग्रह जारी है। लोनी विधायक मानसिक सत्याग्रह कर रहे हैं। वो अब या तो वेट एंड वॉच की पॉलिसी पर चल रहे हैं उन्हें उम्मीद है कि जो एक्शन वो चाहते हैं वो एक्शन होगा। फिलहाल लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का मानसिक सत्याग्रह चल रहा है और सत्याग्रह के कारण ही विधायक क्रान्तिकारी इन दिनों विधायक शांतिकारी वाले मोड में चल रहे हैं।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अंदरखाने तैयार हो रही है एक बड़ी सियासी रणनीति

## नए सियासी दल में शामिल होंगे पूर्व सांसद-विधायक-पार्षद और रिटायर्ड अधिकारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में सब कुछ सही नहीं चल रहा है। कहीं सरकार वालों की सरकारी अधिकारियों से तकरार है। कहीं विपक्ष के नेताओं को ये लग रहा है कि प्रदेश में तानाशाही चल रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां राजनीति एक बार फिर पश्चिम और पूर्व के बंटवारे पर आ गई है। सूत्र बता रहे हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भीतर अंदरखाने एक बड़ा राजनीतिक दल बनाने की तैयारी चल रही है। इसकी भूमिका तैयार हो गई है और इस दल में कई पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, नगर पालिका के सभासद, निगम के पार्षद और रिटायर्ड अधिकारी को लिया जा रहा है। वहीं वरिष्ठ नेताओं को जोड़ लिया गया है। सूत्र बताते हैं कि पॉवर सेंटर बनने जा रहे इस राजनीतिक दल के करता धरताओं की लगातार मुलाकातें हो रही है और जानने वाले ये मान रहे हैं कि राजनीति करवट ले रही है। उनका मानना है कि ये तैयारी



2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे की पूरी योजना पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीतिक उपज, राजनीति हिस्सेदारी, सियासी भागीदारी को लेकर है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई नेताओं को ये लग रहा है कि उनकी उपेक्षा हो रही है। सत्ता वाली पारी में पूरब के नेता मजबूत है और पश्चिमी की भागीदारी कम है। बताया जाता है कि नए दल का निर्माण ही इसी थीम पर हो रहा है और जल्द ही इसका ऐलान हो जायेगा।

### गाजियाबाद के पक्ष विपक्ष के नेता भी है सम्पर्क में

**करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी धुरी पर रणनीति बने और गाजियाबाद का नाम ना आये ऐसा नहीं हो सकता। नया दल बन रहा है तो गाजियाबाद से भी इसके लिए बल लिया जायेगा। सूत्र बताते है कि केवल विपक्ष के नेता ही सम्पर्क में नहीं है बल्कि पक्ष के नेता भी सम्पर्क में है। सत्ताधारी दल के कई नेताओं को अब शिद्दत से ये महसूस हो रहा है कि वो सत्ता में होने के बावजूद मुद्दत से हाशिए पर हैं। बताते हैं कि हाशिए वाले लोग एकजुट हो गये हैं और वो भी नए मोर्चे में शामिल होंगे। विपक्ष के कददवर नेता भी साथ है। विपक्ष के नेताओं को भी ये शिकायत है कि उनकी सियासी ताकत को पूरब के नेताओं के मुकाबले में कम आंका जाता है। लिहाजा अब पक्ष और विपक्ष के पश्चिचमी उत्तर प्रदेश के नेता अपनी सियासी भागीदारी को लेकर फंट खोलने के मूड में आ गये हैं।

### अनदेखी का शिकार लीडर होंगे इस मुहिम में प्रमुखता से कंसीडर

**करंट क्राइम।** कुछ तो आग है जो ये धुआं उठा है और बताने वाले बता रहे हैं कि सियासी नब्ज ठीक नहीं चल रही है। असंतोष का एक ज्वालामुखी अंदर ही अंदर लावे को समेट रहा है और अब अनदेखी से आहत नेता, हाशिए पर पड़ें नेता सभी ने हाथ मिला लिया है। सूत्र बताते हैं कि जो नया दल बनने जा रहा है उसमें उन चेहरों को भी लिया जायेगा जो मजबूती से चुनाव लड़े हैं लेकिन चुनाव हार गये हैं। इनमें वो नेता भी शामिल हैं जो विधानसभा का चुनाव लड़े हैं, लोकसभा चुनाव लड़े हैं ओर यहां तक की मजबूती से चुनाव लड़े पार्षद वाले चेहरों को भी साथ में लेकर चलने की तैयारी है। उन नेताओं को भी साध लिया गया है जो अनदेखी का शिकार हैं और उन्हें लग रहा है कि उनके दल में उनकी उपेक्षा हो रही है।

### वोट सपोर्ट के साथ उठेगा मुद्दा ऑफ हाईकोर्ट

**करंट क्राइम।** हरित प्रदेश और हाईकोर्ट बेंट का मुद्दा कभी राष्ट्रीय लोकदल का मुद्दा थे। लेकिन राष्ट्रीय लोकदल ने अब भाजपा से हाथ मिला लिया है। अब उनके मुखिया नरेन्द्र मोदी सरकार में मंत्री हैं। अब उनके एक विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री है और दो सांसद लोकसभा पहुंच चुके है। ऐसे में रालोद अब हरित प्रदेश की बात करेगा या हाईकोर्ट बेंच की बात करेगा ऐसा नहीं लगता है। वहीं सूत्र बताते हैं कि नए दल में वोट की बात होगी, सपोर्ट की बात होगी और हाईकोर्ट बेंच की बात होगी। इसके अलावा यहां के शिक्षण संस्थानों में भागीदारी को लेकर बात होगी और जब हाईकोर्ट बेंच का मुद्दा आयेगा तो ब्लैक कोर्ट सपोर्ट यानी अधिवक्ताओं का समर्थन अपने आप आ जायेगा।

### 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ही हो जायेगा क्या आगाज

**करंट क्राइम।** अगर दल की बात छोड़ भी दें तो भी ये माना जा सकता है कि सियासी हालात ठीक नहीं है। सियासी असंतोष तेजी से पनप रहा है और ऐसे में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि जब बात पक्ष और विपक्ष वालों के साथ आने की है तो निश्चित रूप से यह एक बड़े परिवर्तन की तैयारी है और ये मोर्चा सदन के बाहर भी खुल सकता है सदन के भीतर भी खुल सकता है। लेकिन अब देखना यही है कि इस नई सियासी क्रान्ति का आगाज 2027 चुनाव से पहले होता है या चुनाव तक इंतजार होगा। हालांकि जानकार ये बता रहे हैं कि अब रण आर या पार होगा और तीन साल तक इंतजार नहीं होगा।

## संपादकीय

# चुनौतियां और जिम्मेदारी


लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से ओम बिरला के मुकाबले विपक्षी प्रत्याशी के तौर पर के. सुरेश के सामने आ जाने के बाद यह लगभग तय हो चुका है कि आजाद भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए चुनाव होगा। अब तक लोकसभा अध्यक्ष का चयन आम राय से होता रहा है। हालांकि सदन में एनडीए की सदस्य संख्या को देखते हुए ओम बिरला का स्पीकर बनना तय माना जा रहा है। अपने इस लगातार तीसरे कार्यकाल में जिस तरह से पीएम नरेंद्र मोदी ने गृह, रक्षा, वित्त और विदेश जैसे सारे अहम मंत्रालयों में पुराने चेहरे बरकरार रखे उससे स्पष्ट है कि इस बार वह निरंतरता के संदेश पर खासा जोर दे रहे हैं। इस लिहाज से लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है। जो बात थोड़ी हैरान करती है वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। पिछली बार यानी 2019 में बिरला इस पद पर निर्विरोध चुने गए थे।

इस बार भी ऐसा हो सकता था। खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि बिरला के नाम पर विपक्षी खेमे की ओर से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई। यह बात भी गौर करने लायक है कि केंद्र सरकार ने इस मसले पर विपक्ष से संपर्क किया। दोनों पक्षों में बातचीत हुई। विपक्ष ने बिरला का समर्थन करने का इरादा जताया, पर उसका कहना था कि परंपरा के मुताबिक डेप्युटी स्पीकर का पद विपक्ष को मिलना चाहिए। सत्ता पक्ष की ओर से इस बात के लिए ना नहीं किया गया। इसके बावजूद अगर सहमति नहीं बन पाई तो इस पर निराशा ही जताई जा सकती है। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। बहरहाल, चुनाव में विरोध का मतलब अनिवार्य तौर पर विश्वास की कमी नहीं होता।

इस 18 वीं लोकसभा को अगर 17वीं लोकसभा के अनुभव की रोशनी में देखें तो बतौर स्पीकर ओम बिरला पर अपने दूसरे कार्यकाल को बेहतर बनाने की चुनौती है। उनका पहला कार्यकाल सांसदों के निलंबन का रेकॉर्ड बनाते हुए समाप्त हुआ था। बेशक इसकी पूरी जिम्मेदारी किसी एक पक्ष पर नहीं डाली जा सकती, मगर इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

# पिछले तीन साल में भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसत 8.3 प्रतिशत रही : आरबीआई गवर्नर

**मुंबई।** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत की जीडीपी स्थिर रूप से 8 प्रतिशत की विकास दर की तरफ बढ़ रही है। इसकी वजह अहम आर्थिक सुधार जैसे जीएसटी का होना है। बॉम्बे चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 188वीं एजीएम (एनुअल जनरल मीटिंग) में दास ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत रही है। इस वर्ष जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आगे कहा कि भारत के आर्थिक विकास की गति मजबूत बनी हुई है और यह आने वाले महीनों में



और मजबूत होगी और देश 8 प्रतिशत की विकास दर पाने के रास्ते पर स्थिर गति से बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर ने कहा कि निजी सेक्टर की ओर से पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है और आगे इसके और तेज होने की उम्मीद है। इससे ग्रोथ को और सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बाद भी भारत तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में वैश्विक ग्रोथ में भारत का योगदान 18.5 प्रतिशत का रहा है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि 7 से 8 वर्ष पहले यह काफी कम थी। वृद्धि दर बढ़ने की सबसे बड़ी वजह बड़े आर्थिक सुधार गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी), दिवाला और दिवालियापन संहिता का आना है। उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी 1947 के बाद देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में से एक है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसने काफी सारे टैक्स को खत्म कर दिया और वस्तुओं और सेवाओं पर केवल एक ही टैक्स लगता है। हर महीने करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये से लेकर 1.7 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह हो रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि तेज आर्थिक वृद्धि दर के कारण भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अर्थव्यवस्था रैंकिंग में भारत फिलहाल पांचवें नंबर पर है।

# भारत में 2029 तक 84 करोड़ पहुंच जाएगी 5जी यूजर्स की संख्या : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** भारत में 5जी यूजर्स की संख्या 2029 के अंत तक 84 करोड़ के करीब पहुंच सकती है, जो कि मोबाइल सब्सक्राइबर की संख्या का 65 प्रतिशत होगा। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2029 तक मोबाइल सब्सक्राइबर की संख्या बढ़कर 1.3 अरब पहुंचने की संभावना है। एरिक्सन के एग्जीक्यूटिव वीपी और नेटवर्क के प्रमुख फ्रेड्रिक जेज्डलिंग ने कहा कि जून 2024 की एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट दिखाती है कि 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन तेजी से ऊपर जा रहा है। अच्छे मोबाइल ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड वायरलेस तक एक्सेस प्रमुख उपयोग के मामले हैं, जिससे ऐसे संकेत मिलते हैं कि 5जी क्षमताएं सेवा प्रदाताओं को प्रभावित कर रही हैं। वैश्विक स्तर पर 2029 के अंत तक 5जी सब्सक्रिप्शन की संख्या 5.6 अरब तक पहुंचने की उम्मीद है। 2029 के अंत तक वैश्विक स्तर पर कुल मोबाइल सब्सक्राइबर का 60 प्रतिशत 5जी यूजर्स होने का अनुमान इस रिपोर्ट में जताया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में बड़े स्तर पर मिड-बैंड डिप्लॉयमेंट किया गया है और 2023 के अंत तक कवरेज 90 प्रतिशत आबादी तक थी। 2023 के अंत तक 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या 11.9 करोड़ तक पहुंच गई, जो कि कुल यूजर्स का 10 प्रतिशत था। केंद्र सरकार ने टेलीकॉम सर्विसेज के लिए 96,238.45 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू कर दी है। इसमें अलग-अलग बैंड के 10,522.35 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी। इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो इन्फोकॉम भाग ले रही हैं।

# वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक बैंकों से गांवों में ज्यादा शाखाएं खोलने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से गांवों में और शाखाएं खोलने के काम में तेजी लाने के लिए कहा ताकि सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन की पहल को मजबूती प्रदान की जा सके। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी ने यहां एक समीक्षा बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से कहा कि सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के माध्यम से देश में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार किया गया है और वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाया गया है। बैंकों को सरकार की वित्तीय समावेशन पहलों को और मजबूत करने के लिए अंतिम लक्ष्य तक पहुंचने के उद्देश्य से पुरजोर प्रयास करने चाहिए। बैठक में सीकेवाईसी, जन समर्थ पोर्टल और आधार सीडिंग से जुड़े मसलों पर भी चर्चा की गई। जिन गांवों में अब तक बैंकिंग की सुविधा नहीं है, वहां शाखाएं खोलने की दिशा में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी ली। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड अप इंडिया, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि), पीएम विश्वकर्मा, पीएम सूर्य घर योजना, इथेनॉल ब्लेंडिंग इन पेट्रोल (ईबीपी) और कॉम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) जैसी वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा की गई। सचिव ने बैंकों से अनुरोध किया कि वे हर तरह की बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर जोर दें। समीक्षा बैठक में यूआईडीएआई, नाबार्ड, सिडबी, मुद्रा लिमिटेड, सीईआरएसएआई और एनसीजीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# नेशनल पेंशन स्कीम से अप्रैल में जुड़े 1.1 लाख नए सब्सक्राइबर

**नई दिल्ली।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से अप्रैल में 1,10,655 नए सब्सक्राइबर जुड़े हैं, जो दिखाता है कि लोगों में इस स्कीम को लेकर आकर्षण बढ़ रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी किए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। डेटा के मुताबिक, नए सब्सक्राइबर में दो तिहाई राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। अप्रैल में नेशनल पेंशन स्कीम में करीब 79,876 राज्य सरकार के कर्मचारियों ने पंजीकरण किया है। वहीं, केंद्र सरकार के 20,000 कर्मचारियों ने इस योजना को सब्सक्राइब किया है। 10,250 सब्सक्राइबर्स कॉरपोरेट सेक्टर से थे। डेटा के अनुसार 43.8 प्रतिशत (48,530) नए सब्सक्राइबर्स 18 से 28 वर्ष की आयु वर्ग के थे, जिन्हें पहली बार नई नौकरी मिली है, जो कि दिखाता है कि देश में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। आदर्श आचार संहिता लगने के कारण राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से मंगलवार को तीन महीने बाद पेरोल




का डेटा जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 में नेशनल पेंशन सिस्टम में कुल 9,37,000 सब्सक्राइबर जुड़े हैं, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 के आंकड़े 8,24,700 से 13.6 प्रतिशत अधिक है। नेशनल पेंशन सिस्टम का संचालन पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) की ओर से किया जाता है। सब्सक्राइबर और नियोक्ता दोनों को पेंशन अकाउंट में समान योगदान करना होगा। एक जनवरी, 2024 से यह सभी केंद्रीय कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए अनिवार्य है।

## राशिफल

**मेष:** आज दिन की शुरूआत प्रसन्नता से होगी, रूका हुआ धन मिलेगा और यात्रा भी सफल होगी, हालांकि कर्मचारियों से परेशानी हो सकती है।

**वृष:** दिनचर्या में बदलाव होगा, नई कार्य योजनाएं बनेगी और धन लाभ की संभावना भी है, पूंजी में बढ़ोतरी होगी, माता के स्वास्थ में बदलाव होगा।

**मिथुन:** गृह क्लेश को टालें, जीवन साथी की चिंता रहेगी, यात्रा में सफलता मिलेगी और धन प्राप्ति के योग हैं, तीर्थ पर जाने के योग भी बन रहे हैं।

**कर्क:** प्रेम-प्रसंग में सफलता के योग हैं, अग्नि-वाहन और मशीनरी के उपयोग में सावधानी रखें, व्यर्थ के विवादों से बचें और किसी प्रकार का जोखिम नहीं लें।

**सिंह:** मन को शांति मिलेगी, प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी, धन प्राप्ति सुगम होगी और प्रतियोगिता में भी सफल होंगे, संतान सुख भी होने की संभावना है।

**कन्या:** धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि बढ़ेगी, शत्रु शांत रहेंगे, संपत्ति से लाभ होगा, उन्नति होगी, निवेश से मन अनुकूल रहेगा संतान सुख भी संभव है।

**तुला:** संतों का सानिध्य मिलने की संभावना है, कुसंगति से बचें, विवेक से कार्य करें। धन लाभ होगा, दिन पार्टी-पिकनिक में गुजरेगा, विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** किसी प्रकार की जोखिम वाले काम नहीं करें, हनुमानजी की आराधना करें, हनुमानजी को चोला चढ़ाने से सफलता मिलेगी।

**धनु:** नौकरीपेशा को ऑफिस में टेंशन हो सकता है, यात्रा सफल रहेगी, कोई शुभ समाचार भी मिलेगा। राजकार्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**मकर:** लंबे समय से चले आ रहे विवाद खत्म होंगे, गृहस्थ सुख मिलेगा, स्वास्थ का ध्यान रखें, सम्मान बढ़ेगा। अपने ईष्ट देव की आराधना करें।

**कुंभ:** घरवालों के साथ दिन आनंद में गुजरेगा, धन की प्राप्ति सुगम होगी, जोखिमों से बचें, यात्रा से लाभ की संभावना है, भाग्य उन्नति के प्रयास भी सफल होंगे।

**मीन:** व्यवसाय में जोखिम नहीं लें, खर्च में बढ़ोतरी होगी, किसी से अपेक्षा नहीं करें, संयम से काम लें, विवाद से बचने की कोशिश करें।

## चुटकुले

खचाखच भरी बस में एक लड़की सफर कर रही थी
अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा...
एक बिहारी लड़का खूबसूरत लड़की से टकरा गया
लड़की-आराम से खड़े हो जाओ
लड़का-सॉरी...
फिर ब्रेक लगा
लड़का फिर से जा टकराया
लड़की -क्या कर रहे हो!
लड़का- जी, इंजिनियरिंग।

---

संता (वकील से)- मुझे अपनी पत्नी से तलाक चाहिए
संता- क्यों?
संता- वो पिछले 5 महीने से मुझसे बात नहीं कर रही
वकील- एक बार फिर अच्छी तरह सोच लो. ऐसी पत्नी बार-बार नहीं मिलती।

---

बाहर सब्जी वाला चिल्ला रहा था... 20 रुपये का फूलगोभी का जोड़ा
यह सुनकर सोनू उदास हो गया और मोनू से बोला- बताओ, फूलगोभी का भी जोड़ा है, बस हम ही अकेले हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- धरती पे जितना भार सारी चीटीयों का है उतना ही सारे मनुष्यो का है।
- सिर्फ एक घंटे तक भी यदि हैडफोन का इस्तिमाल कर लिया जाये तो आपके कानों में बैक्टरिया 700 गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।
- स्केल का भी आविष्कार भारत में हुआ था।
- दोनों आंखें खोलकर छीकना इंपॉसिबल हैं।
- दुनिया का सबसे बड़ा cricket ground भारत देश में ही मौजूद हैं।
- अजवाइन को खाने में कितनी कैलोरी लगती है जितनी की अजवाइन से आपको कैलोरी नहीं मिलती।
- तोते इंसानो की तरह अपने बच्चों को एक नाम देते है। और उम्र भर उनका वही नाम रहता है।
- इंसान के दिमाग का विकास 40 साल की उम्र तक तक होता है।
- क्या आपको पता है कि, पाई कि श ं'8ी का आविष्कार भी यहीं भारत में हुआ था।
- अगर कोई आपको अपनी सपने के बारे में बताएं तो यह जरूर पूछना कि उसका सपना कहां से शुरू हुआ, क्योंकि सपना कहां से शुरू हुआ यह बताना पॉसिबल नहीं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पिछले टी20 विश्व कप जैसी लय में नहीं दिख रही इंग्लैंड

## बुमराह की मौजूदगी से भारत का पलड़ा भारी




**गयाना।** वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह-मेजबानी में जारी टी20 विश्व कप 2024 अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय टीम सुपर-8 के अपने तीनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची है। अब उसका सामना इंग्लैंड से होना है। इस मैच में भारतीय टीम इंग्लैंड से अपनी पिछली हार का बदला लेने के उद्देश्य के साथ उतरेगी। दरअसल, टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड ने भारत को सेमीफाइनल में 10 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को करारी शिकस्त दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 169 रनों का लक्ष्य तैयार किया था जिसे इंग्लैंड ने 16 ओवर में हासिल कर लिया था। मौजूदा टूनामेंट में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### इंग्लैंड को दो मैचों में मिली हार

मौजूदा टूनामेंट में इंग्लैंड की टीम पिछले सेमीफाइनल की तरह उतनी तरह मजबूत नजर नहीं आ रही है। ग्रुप स्टेज पर जोस बटलर की अगुवाई में इंग्लैंड ने चार मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने दो में जीत दर्ज की जबकि एक मुकाबले में उन्हें करारी शिकस्त मिली। वहीं, सुपर-8 में इंग्लैंड को एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबले जीते हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी ग्रुप स्टेज और सुपर-8 दोनों में शीर्ष पर रही है।

### बुमराह की वापसी से टीम इंडिया की स्थिति मजबूत

पिछली बार के मुकाबले भारतीय टीम में कई बदलाव देखने को मिले हैं। टी20 विश्व कप 2022 में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खली थी। वह पीठ में चोट की वजह से टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाए थे। पिछले सेमीफाइनल में भारतीय टीम एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाई थी। जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने क्रमश: 80 और 86 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। इस मैच में मोहम्मद शमी ने भारत के लिए सबसे ज्यादा रन खर्च किए थे। उन्होंने अपने तीन ओवर के स्पेल में 13 के इकोनॉमी रेट से 39 रन खर्च कर दिए थे। हालांकि, इस बार वह चोट की वजह से बाहर हैं।

### इन चार खिलाड़ियों को नहीं मिली जगह

पिछले सेमीफाइनल मैच के मुकाबले भारत की प्लेइंग 11 काफी बदल चुकी है। चार खिलाड़ी इस बार टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। इनमें केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी शामिल हैं। चारों ही खिलाड़ी टी20 विश्व कप 2022 में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ हार का सबसे बड़ा कारण रहे थे। केएल राहुल सिर्फ पांच रन बना पाए थे। वहीं, गेंदबाजों को एक भी विकेट नहीं मिला था। चारों अपने नामों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसकी वजह से इंग्लैंड ने 10 विकेट से भारत को कभी न भूलने वाली शिकस्त दी थी।

### भारत के लिए अर्शदीप ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण कहर बरपा रहा है। भारत के लिए बुमराह ने छह मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। वहीं, अर्शदीप भी पीछे नहीं हैं। वह विरोधियों के लिए ऐसी गुत्थी बने हुए हैं जिसे सुलझाना मुश्किल है। तेज गेंदबाज ने अब तक कुल 15 विकेट अपने नाम किए हैं। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। वहीं, स्पिनर्स की बात करें तो कुलदीप यादव ने सात और अक्षर पटेल ने पांच विकेट चटकाए हैं।

### टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेट कीपर/कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड, रीस टॉप्ली, बेन डकेट, विल जैक्स, टॉम हार्टले, क्रिस जॉर्डन।

# ऑस्ट्रिया ने नीदरलैंड को हराया, पोलैंड और फ्रांस का मैच 1-1 से ड्रॉ

**डॉर्टमुंड।** ऑस्ट्रिया ने यूरो 2024 में मंगलवार को ग्रुप डी में नीदरलैंड को 3-2 से हराया, जबकि पोलैंड ने ग्रुप प्ले के अंतिम मैच में फ्रांस के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

बर्लिन ओलंपिया स्टेडियम में नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही। डोनियल मालेन ने अलेक्जेंडर्स प्रैस के स्क्वायर पास को गोल में तब्दील किया, जिससे ऑस्ट्रिया को छठे मिनट में 1-0 की बढ़त मिल गई। यहां से नीदरलैंड ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम ने कई मौके गंवा दिए। हालांकि ऑस्ट्रिया ने आक्रामक रवैया अपनाया रखा। पहले हाफ में ऑस्ट्रिया ने अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर नीदरलैंड को 1-1 से बराबरी दिला दी। लेकिन रोनाल्ड कोमैन की टीम के लिए यह खुशी



क्षणिक थी। फ़्लोरियन ग्रिलिट्श के सटीक क्रॉस से रोमानो शिमड ने 59वें मिनट पर गोल कर ऑस्ट्रिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी।

नीदरलैंड की टीम ने भी हार नहीं मानी और 75वें मिनट में मेम्फिस डेपे ने हेडर से वाउट वेगॉर्ट की सहायता से गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। यहां से मुकाबला काफी रोमांचक हो गया, लेकिन ऑस्ट्रिया ने 80वें मिनट में मार्केल सबित्जर की गोल की बदौलत मैच में 3-2 से बढ़त हासिल की और अंत में यह गोल निर्णायक साबित हुआ। ऑस्ट्रिया के मुख्य कोच राल्फ रंगनिक ने कहा, टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वे हमेशा वापसी करते हैं और वह भी एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ, जो सराहनीय है। हमने यहां एक उत्कृष्ट जीत हासिल की। ग्रुप डी के दूसरे मुकाबले में फ्रांस को पोलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलना पड़ा। फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने शुरूआती गोल किया, लेकिन अनुभवी स्ट्राइकर रॉबर्ट ने गोल कर पोलैंड को 1-1 से बराबरी दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों ने बढ़त बनाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वे गोल नहीं कर सकीं। इस परिणाम के साथ, ऑस्ट्रिया ने छह अंकों के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके बाद फ्रांस (5 अंक), नीदरलैंड (4 अंक) और पोलैंड (1 अंक) पर है। पोलैंड के कोच मिशल प्रोबिएरज ने कहा, हम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके थे, लेकिन फैंस हमें सपोर्ट करने आए। मैं उन सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमने अंत तक लड़ाई लड़ी।

# अमेरिका में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता से अमेरिकी राजदूत खुश




**नई दिल्ली।** क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन अमेरिका में कराने का फैसला लिया। मौजूदा टूनामेंट के ग्रुप स्टेज के तमाम मैच अमेरिका में ही खेले गए। भारत और पाकिस्तान के बीच इस टूनामेंट का महामुकाबला नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। अब भारत में मौजूद अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता पर खुशी जताई है।

### सुपर-8 में पहुंची अमेरिकी टीम

अमेरिकी टीम भले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई लेकिन मोनांक पटेल की अगुवाई में टीम ने सुपर-8 तक का सफर तय किया। गासेर्टी ने कहा कि अब वह क्रिकेट के प्रशंसक बन गए हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं क्रिकेट का दीवाना हो गया हूं, जैसा कि सभी जानते हैं। मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि अधिक से अधिक अमेरिकी उस खेल से प्यार करना सीख रहे हैं, जिसे हम 150 साल पहले खेलते थे।

### गासेर्टी ने जताई खुशी

गासेर्टी ने सुपर आठ में अमेरिका के प्रवेश को एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हमने पाकिस्तान को हरा दिया। हमने विश्व कप शुरू होने से पहले बांग्लादेश को हराया और हम भारत को हराने के करीब पहुंच गए। मैं करीब इसलिए कह रहा हूं क्योंकि भारत में अमेरिकी राजदूत के तौर पर यह एक बेहतरीन परिणाम है।

### अमेरिका ने सुपर ओवर में पाकिस्तान को दी थी मात

विश्व कप के सह-मेजबान अमेरिका ने छह जून को ग्रुप ए के लीग मैच में सुपर ओवर में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराया था। इसके बाद बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम सुपर आठ में भी प्रवेश नहीं कर सकी और पहले दौर से ही बाहर हो गई थी। गासेर्टी ने पीटीआई से कहा, क्रिकेट एक धर्म है, जैसा कि हम अक्सर भारत में कहते हैं। मुझे लगता है कि यह एक शानदार खेल है जिसकी अभी अमेरिका में लोकप्रियता बढ़ रही है।

# पेरिस में भारतीय हॉकी टीम फेवरेट, लेकिन सुलझानी होंगी कई समस्याएं : जोकिम कार्वाल्हो

**मुंबई।** भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक खेलों में हमेशा फैंस की उम्मीदों के बोझ के साथ मैदान में उतरती है। इस बार पेरिस ओलंपिक में भारत के पास मौका है पिछले चार दशक के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म करने का। भारतीय हॉकी टीम के पास आठ स्वर्ण पदकों की विशाल विरासत है। टोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद से पुरुष टीम से उम्मीदें कई गुना बढ़ गई हैं। अब प्रशंसक न केवल भारतीय टीम से एक और पदक जीतने की उम्मीद करते हैं, बल्कि यह भी चाहते हैं कि यह स्वर्ण या रजत हो। पेरिस में भारत एक चुनौतीपूर्ण ग्रुप में है, जिसमें गत चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड जैसी टीमें है। इसलिए टीम का पहला लक्ष्य शीर्ष चार में रहना और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना होगा। ओलंपिक खेलों में लगभग एक महीने का समय बचा है, ऐसे में आईएएनएस ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों और पेरिस में उनकी संभावनाओं का जायजा लेने के लिए पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कोच जोकिम कार्वाल्हो से बात की।

**साक्षात्कार की मुख्य बातें:**

**प्रश्न:** 2024 ओलंपिक अब लगभग 30 दिन दूर है, पेरिस में भारत की संभावनाओं के बारे में आप क्या सोचते हैं?

**उत्तर:** हमेशा की तरह, भारत ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जर्मनी और हॉलैंड जैसी टीमों के साथ पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में जाता है। लेकिन साथ ही, मैं अन्य टीमों की संभावनाओं को भी नकार नहीं सकता। आज, हॉकी का इतना विकास हो चुका है कि ओलंपिक में भाग लेने वाली




सभी टीमों के पास पोडियम फिनिश करने का मौका है। मगर दावेदार हमेशा की तरह बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, भारत, जर्मनी और हॉलैंड होंगे। मैं उन्हें अंतिम चार में जगह बनाते देखना चाहूंगा। मैं स्पेन और फ्रांस को भी कम नहीं आंकूगा। पिछले 2-3 साल में इन टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए, वो इस महाकुंभ में डार्क हॉर्स हैं।

**प्रश्न:** आप भारतीय टीम की तैयारियों को कैसे देखते हैं?

**उत्तर:** भारत ने वह सारी तैयारियां की हैं, जिसकी उन्हें जरूरत थी। वे ऑस्ट्रेलिया में एक सीरीज खेलने गए थे। जहां उन्हें 5-0 से हार झेलनी पड़ी, जो एक अच्छा परिणाम नहीं है और न ही अच्छी तैयारी। भले ही कोच क्रेग फुल्टन कह रहे थे कि वे अपनी सभी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करने जा रहे हैं। लेकिन भारत जैसी शीर्ष टीम से यह उम्मीद नहीं थी, जो अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हमने हमेशा देखा है कि ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत मुश्किल है। लेकिन 5-0 से हारना काफी निराशाजनक है। हमारी गलती यह है कि हम मैच की बहुत धीमी शुरूआत करते हैं और धीरे-धीरे मुकाबले में पिछड़ जाते हैं। हम शुरूआती गोल खाने के बाद फिर वापसी करते हैं और स्कोर बराबर करने की कोशिश में लग जाते हैं, और अंत में मैच गंवा देते हैं। मुझे लगता है कि हमें ये सोच बदलनी होगी और इसे ठीक किया जाना चाहिए। हमारी प्रक्रिया या ओलंपिक पदक की हमारी खोज में इसे अनदेखा नहीं कर सकते।

**प्रश्न:** टोक्यो ओलंपिक में टीम ने कांस्य पदक जीता है, इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं कि वे पेरिस में पदक के रंग में सुधार करे। ये उम्मीदें कितनी सही है? खिलाड़ियों के लिए इस दबाव को झेलना कितना मुश्किल होगा?

**उत्तर:** पदक जीतने के बाद हमेशा उम्मीदें बहुत ज्यादा होती हैं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, आज की हॉकी में, दुनिया में इतनी सारी टीमें हैं कि यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि आपको पदक जरूर मिलेगा।

मैं कहूंगा कि भारतीय टीम में निरंतरता की कमी है। जहां तक दूसरी टीमों की बात है, तो उन्होंने क्या किया और कैसे तैयारी की, इस पर नहीं जाना चाहिए, बल्कि नतीजों को देखते हुए, वे सही समय पर शीर्ष पर पहुंचती हैं। अगर आप देखें, तो प्रो लीग में भी उनका प्रदर्शन भारतीय टीम के प्रदर्शन की तुलना में बहुत अच्छा रहा है।

# कपिल सर्वसम्मति से पीजीटीआई के अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में 1983 में पहली बार विश्व कप जीत दिलाने वाले महान क्रिकेटर कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। कपिल 2021 में बोर्ड सदस्य बने थे और पीजीटीआई के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। वह एच आर श्रीनिवासन से यह जिम्मेदारी संभालेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। 65 वर्षीय कपिल ने कहा, "भारतीय प्रो गोल्फर्स पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमारे पास सभी बड़े टूर में भारतीय प्रो शामिल हैं और लगातार तीसरी बार ओलंपिक में हमारे दो गोल्फर उतरेंगे। हमारा टूर काफी मजबूत है और हम उम्मीद करते



हैं कि अगले कुछ वर्षों में हम और भी मजबूत बनकर उभरेंगे।" उन्होंने पीजीटीआई कैलेंडर में एक आकर्षक टूर्नामेंट कपिल देव ग्रांट थोर्नटन इंविटेशनल टूर्नामेंट शुरू किया है जिसकी पुरस्कार राशि दो करोड़ रुपये (लगभग 240,000 डॉलर) है।

# देहरादून में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट की भूमि पर बसी मलिन बस्तियों को हटाने पर राजनीति शुरू



**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में इन दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। एनजीटी के आदेश के बाद प्रशासन मलिन बस्तियों से अतिक्रमण को हटा रहा है। इस मामले को लेकर प्रदेश में राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर आरोप लगा रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 2016 मार्च के बाद बसी मलिन बस्तियों को हटाया जा रहा है। लोगों को इस संबध में पहले ही अतिक्रमण खुद ही हटाने के लिए नोटिस दिया जा चुका है। पहले से मलिन बस्तियों में बसे लोगों को सरकार की ओर से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई है। हमने सड़क, पुलिया, बिजली, और पानी की व्यवस्था को दुरुस्त किया है। भाजपा सरकार ने अतिक्रमण कर बस्तियों को बसाने का काम नहीं किया। जिन लोगों ने बस्तियां बसाई हैं, उन पर करवाई होनी चाहिए। हमारी सरकार मार्च 2016 से पहले की मलिन बस्तियों को रेगुलराइज करने का काम कर रही है। वहीं इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा की धामी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के आशियाने को ध्वस्त कर रही है। देहरादून में पुलिस ऑफिसर कॉलोनी, विधानसभा समेत कई पूंजीपतियों के रिसॉर्ट नदियों के किनारे बने हैं। सरकार इन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। बता दें लोगों के भारी विरोध के बीच देहरादून नगर निगम बुलडोजर के साथ अतिक्रमण को ध्वस्त करने पहुंचा। एमडीडीए की टीम ने पहले दिन 26 अतिक्रमण ध्वस्त किए। रिवरफ्रंट डेवलपमेंट की भूमि पर कुल 250 अतिक्रमण पर कार्रवाई की जानी है। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौजूद हैं।

# बंगाल के बिराती स्टेशन पर बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही महिला पकड़ी गई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिराती रेलवे स्टेशन पर अपने बैग में बच्चा छिपाकर ले जा रही एक महिला को पकड़ा गया है, जिसके बाद स्टेशन पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इस मामले में इलाके के लोगों और यात्रियों ने महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने उत्तर 24 परगना के बनगांव डिवीजन के दत्तपुकुर से सियालदह जा रही लोकल ट्रेन में महिला के बैग में बच्चे को छिपा हुआ देखा। ट्रेन के बिराती स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने महिला को पकड़ लिया और उसे बच्चे के साथ रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया।

यात्रियों ने पुलिस और मीडिया को बताया कि महिला की बॉडी लैंग्वेज संदिग्ध लग रही थी, जिससे उनका शक और भी बढ़ गया। वहीं महिला ने डिब्बे में यात्रा कर रहे यात्रियों के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया और भागने की कोशिश की। एक यात्री ने बताया, जैसे ही ट्रेन बिराती स्टेशन पहुंची, उसने बच्चे को छोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन हमने उसे काबू में कर लिया और रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही रेलवे ट्रैक भी जाम कर दिया, जिससे हंगामा और बढ़ गया।

# झारखंड में अलकतरा घोटाले के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी को तीन साल की सजा

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग) कोर्ट ने अलकतरा घोटाले के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी पाए गए कलावती कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी के मालिक विजय तिवारी को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उनके ऊपर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह मामला वर्ष 2008-09 से लेकर 2011-12 के बीच का है। झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग ने वर्ष 2008-09



में राज्य के लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ से लेकर हेरहंज-पाकी को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत का ठेका कलावती कन्स्ट्रक्शन को सौंपा था। यह कार्य 1.32 करोड़ का था। विभाग ने इसके एवज में कंपनी को एक करोड़ 9 लाख रुपए का भुगतान कर दिया था। बाद में जांच के दौरान पाया गया कि कन्स्ट्रक्शन कंपनी के मालिक विजय तिवारी ने अलकतरा खरीद के नाम पर 11 फर्जी बिल जमाकर रकम का भुगतान पा लिया था। कंपनी की ओर से कुल 13 बिल जमा किए गए थे। इनमें से 11 बिल फर्जी पाए गए थे और इनके जरिए 55 लाख 42 हजार रुपए की गलत तरीके से निकासी की गई थी। इस मामले में वर्ष 2012 में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की थी। कोर्ट में केस के ट्रायल के दौरान ईडी की ओर से 18 गवाह और कई साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने पक्ष रखा। कोर्ट ने इस मामले में पहले ही विजय तिवारी को दोषी करार दिया था। अब, सजा सुनाई गई है।

# बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, सभी को साथ लेकर चलेंगे ओम बिरला

**पटना।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हो गया। ओम बिरला को एक बार फिर स्पीकर चुन लिया गया है। ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार की प्रतिक्रिया सामने आई है। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सबसे पहले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को उनके सूझबूझ के लिए धन्यवाद, बधाई और नवनिर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी को शुभकामनाएं। वह पहले भी लोकसभा के अध्यक्ष रहे हैं और एक बार फिर लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। ओम बिरला ने पहले भी बेहतर ढंग से सदन को चलाया है, आगे और बेहतर ढंग से सदन को चलाएं और सभी को लेकर चलेंगे। लोकसभा सांसद के रूप में शपथ लेने के दौरान एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने जय फिलिस्तीन के नारे लगाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि सबको कानून के तहत चलना चाहिए।

कानून के दायरे में रहना चाहिए। कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए। एक छोटा आदमी होने के नाते मैं यह सलाह देता हूं। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ओम बिरला को लोकसभा का नया स्पीकर चुन लिया गया। सदन में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने सदन में नए लोकसभा अध्यक्ष के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था और एनडीए के कई सांसदों ने इसका समर्थन किया। वहीं, विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं ने की लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा और कई सांसदों ने समर्थन किया। इसके बाद सदन के प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने ध्वनिमत से ओम बिरला को लोकसभा के नए अध्यक्ष चुने जाने का ऐलान किया। विपक्षी दलों की तरफ से मत विभाजन की मांग नहीं करने के कारण बिरला ध्वनिमत से ही अध्यक्ष चुने गए।



# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने पांच दिन में अधिकारियों से मांगी बाढ़ नियंत्रण कार्य योजना रिपोर्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण के कार्यों की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर एडीएम एफ सौरभ भट्ट द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में 1978 में अत्यधिक बाढ़ व वर्षा का प्रकोप रहा। यह बाढ़ यमुना 9.7 किमी व हिंडन नदी 57 किमी की दो नदियों से आयी। यमुना नदी में 200.284 मीटर पर और हिंडन नदी पर 203.311 मीटर पर बाढ़ संकेत है और यमुना नदी में 205.33 मीटर (पुराना लोहे का पुल, सीडब्लूसी दिल्ली में) व हिण्डन नदी में 205.080 मीटर (हिण्डन बैराज) पर खतरे का संकेत है।

यमुना के जल का स्त्रोत हिमालय की बर्फ पिघलने से है इसका जल हथनीकुण्ड यमुनानगर, हरियाणा से डिस्चार्ज होता है जो 03 दिवस में ओखला बैराज पहुंचता है और हिंडन नदी का उद्गम स्थल प्राकृतिक नालों से होने वाले अपवाह (जनपद सहारनपुर) से होता है जो जनपद तक 2 दिवस में पहुंचता है।

### जिलाधिकारी ने दिए बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश

**करंट क्राइम।** बैठक में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने उपस्थित सभी बाढ़ नियंत्रण समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 5 दिनों में बाढ़ के खतरे व निपटने की क्षमता का आंकलन, संस्थागत व्यवस्था, बचाव व न्यूनीकरण उपाय, पूर्व की तैयारियां जैसे बाढ़ में कार्यवाही करने वाले विभागों/स्टेकहोल्डर्स का चिन्हीकरण व उल्लेख, टीमों का गठन, पूर्व चेतावनी टीम-दल, राहत एवं खोज बचाव दल, प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व शरणालय प्रबंधन दल व क्षति आंकलन दल, उपकरण, कन्ट्रोल रूम, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर सुव्यवस्थित व बेहतर कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। बैठक में एसडीएम सदर, एसडीएम लोनी, सिंचाई विभाग, जिला पूर्ति विभाग, पंचायतीराज विभाग, परिवहन विभाग, जीडीए, पीडब्लूडी, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी,प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# चार घंटे बाधित रही पांच कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति




**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बिजली के ट्रांसफार्मर में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके चलते पांच कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति चार घंटे बाधित रही। बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ट्रैक्टर चालक को तलाश कर रही है। नगर की इन्द्रापुरी कॉलोनी में चार सौ व 250 केवीए के बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए है। बिजली के ट्रांसफार्मर से पांच कॉलोनियों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बताया जा रहा है कि बुधवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ट्रांसफार्मर में टक्कर मार दी। जिस कारण वह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही है कि जिस समय टक्कर मारी गई थी ,उस समय बिजली आपूर्ति बाधित थी,नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद कैलामंडी ,गोपालपुरम ,गुडमंडी ,जीतपुर ,लंकापुरी कॉलोनी की बिजली आपूर्ति चार घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। एसडीओ नितिन आन्नद ने बताया कि दोनों ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारु करा दी गई है। एसडीओ ने बताया इसके अलावा इंडस्ट्रियल फीडर पर बिजली का अंडरग्राउंड केबल खराब होने के कारण इंडस्ट्रियल फीडर की भी विधुत आपूर्ति बाधित रही उन्होंने बताया अंडरग्राउंड केबल को बहार निकलवाकर नया केबल डलवा कर विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से शुरू कर दी गयी।




### मिश्रजी टू मिथलेश तक जारी है क्रांतिकारी विधायकजी का क्लेश

विधायक जी क्रांतिकारी हैं और विधानसभा में मोर्चा खोल चुके हैं। जिन संगठन शिल्पी के पानी में कभी चिराग जलते थे उनसे भी विधायक जी लोहा ले चुके हैं। जलवा ये रहा है कि इतने मोर्चो के बाद टिकट भी लेकर आयें और जीत भी गये। लेकिन विधायक जी अपनी सरकार में हारे हैं तो अफसरों से हारे हैं। पूरे जोर लगाने के बाद भी वो एक तबादला भी नही करा सके। इलेक्शन हो भी गया और संस्पेशन के चांस दूर दूर तक नही दिख रहे। वार्ड वाले ने पुराने रिकार्ड से बताया कि मिश्र जी का मामला तो अभी का हैं और आप मिथलेश जी की फाईल देख लो उनका स्टाईल देख लो। उनकी शिकायत तो क्रांतिकारी विधायक ने फेस टू फेस बाबा से की थी। कर दिया क्या बाबा ने अपने विधायक के कहने पर मिथलेश जी का तबादला। अरे जब उनकी हैल्थ पर कोई असर नही पड़ा तो मिश्र जी की वर्दी को भी कलफ लगा ही रहेगा। विधायक जी का कलेश जारी है और सही बात ये है कि जिले की अफसरी सूबे के भगवा विधायको पर भारी है।

### लहरवीर ने किया ऐलान कि लूंगा पूरे पांच तब होने दूंगा वार्ड में काम

भगवा लहरवीरों के तीरों से फूल वाले पुराने पार्षद भी हैरान हैं। लंबी पारी खेल चुके मेंबर भी कहते हैं कि इतना खुला खेल पहले नही देखा है। किस्सा भगवा लहरवीर के वार्ड का हैं जहां वाटर वाला काम होना है। नये निजाम में फूल वालों का रूल ये है कि बिना दाम के वो काम नही होने देगें। तो इसी रूल के तहत जैसे ही टयूबवेल का काम शुरू हुआ तो फूल वाला लहरवीर पहुंच गया। टेंडरपुरूष तो पहले से ऐसे तोते पालने के आदी हैं तो उन्होने कहा कि नो टेंशन और तीन का भुगतान हो जायेगा। लहरवीर ने साफ कहा कि तीन वाला सीन पहले वालों के साथ था अब तो पांच का रेट चल रहा है। टयूबवेल लग रहा है और सिस्टम वाले लूंगा पूरे पांच तभी होने दूंगा वार्ड में काम।

### जब खुलेंगे विधानसभा के पत्ते तब दिखेंगे भी नहीं ये ईर बीर फत्ते

कौन लड़ेगा उप चुनाव वाले सीन में रोज नये फेस आ रहे हैं। दरबारों में जिक्र भी नही हैं और दावेदारों में इतनी फ्रिक हैं कि पूछो ही मत आप। जंग ऑफ दावेदारी चल रही है और कुछ नाम खुद ही फ्रंट पर आये और खुद ही साइड में हो गये। बचेखुचे कार्यकाल के लिये पूरा भौकाल बन रहा है। उपचुनाव में किसे मौका मिलता है इसको लेकर पुराने भाजपाई ने कहा कि ये जितने नाम चल रहे हैं इनका तो 12 बीघे में दाना नही होने वाला सीन है। यहां तो एल्फाबेट सेम होता है मगर नाम एन मौके पर सेट होता हैं। अब देख लो कि लोकसभा के लिये तीन ए चल रहे थे। राज्यसभा वाले ए ने पूरा माहौल बनाया और दिल्ली वाले ए का नाम सबकी जुबान पर आया लेकिन टिकट विधानसभा वाले ए के हिस्से में आ गया। ये जो समाज की दुहाई दे रहे हैं भाजपाई हैं इनसे ही पूछ लो इनके क्रांतिकारी समाज के कितने वोट हैं। कहने वाले ने ये कह कर चर्चा को विराम दे दिया कि जब विधानसभा के टिकट वाली गडडी फेंटी जायेगी और पत्ते खुलेगें तब ये विधानसभा का टिकट मांग रहे ईर बीर फत्ते नजर भी नही आयेंगे।

# युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने अशोक चौहान का सम्मान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गत दिनों भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्म दिवस के अवसर पर अशोक चौहान को कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति भवन आमंत्रित किया गया, जहां अपनी कला के लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया एवं भारत के प्रधानमंत्री द्वारा भी उनकी कला की प्रशंसा की गई। मोदीनगर के लिए यह गौरव का ऐतिहासिक पल रहा कि मोदीनगर के एक कलाकार को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए एक सम्मान समारोह आयोजित कर विधायक मोदीनगर डॉ0 मंजू शिवाच, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विनोद वैशाली, भाजपा नेता रामआसरे शर्मा, पूर्व चैयरमैन अशोक माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सत्यवीर राघव, जिला महामंत्री नवेंद्र गौड, नगर अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदीप बॉस, मयंक शर्मा, अरुण खन्ना, विमल शर्मा, संजय भदौला, आशीष रघुवंशी आदि द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया एवं उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। वहीं उनकी कॉलोनी एवं परिवार में भी अत्यंत खुशी का माहौल है।

# तेल के गोदाम में लगी आग, फायर कर्मियों ने आग पर पाया काबू



**हापुड।** जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एक सरसो के तेल और रिफाइंड के गोदाम में शार्ट सर्किट से अचानक गत्ते की पैकिंग में भीषण आग लग गई। आग लगता देख लोगों में हड़कंप मचा गया। मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। टीम द्वारा नुकसान के बारे में जानकारी की जा रही है।

दरअसल मिली जानकारी के अनुसार मेरठ रोड निवासी विजय अग्रवाल रविंद्र तेल वालों का दिल्ली रोड पर स्थित सबली गेट के सामने एक तेल का गोदाम है। जिसमें पेकिंग के सामान के साथ साथ तेल के डिब्बे भी रखे थे। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे गोदाम में रखे गत्ते की पैकिंग में अचानक आग लग गई। धुआं उठाता देख आसपास के लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर गोदाम स्वामी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी गई।

दमकल विभाग की टीम आनन-फानन में मौके पर पहुंच गई और बुझाने का प्रयास किया गया।

### कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

आग इतनी भयंकर थी कि पिलखुवा से भी दमकल की गाड़ी को बुलवाया गया। गोदाम में तेल की पैकिंग, तेल के डिब्बे और टीन भी बड़ी संख्या में रखे हुए थे। सभी को यह डर था कि कहीं आग तेल के टीन और डिब्बों में न लग जाए। आग लगने के कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर गत्ता पैकिंग में लगी आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया।

### अधिकारियों का बयान

जिले के मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में शोर्ट सर्किट के कारण गत्ते की पैकिंग में आग लगना पाया गया है। विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रख मामले की जांच का जा रही है।

### घर से 2.50 लाख रुपए लेकर गई किशोरी

लोनी, करंट क्राइम। घर से 2.50 लाख रुपए लेकर चली गई 15 वर्षीय किशोरी। पीड़ित पिता ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बॉर्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति का आरोप है कि वह गांव चला गया था जिसके बाद 23 जून की सुबह सात बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी घर में रखे 2.5 लाख रुपए लेकर चली गई। तीन दिन बाद भी उसका सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित पिता ने लोनी बॉर्डर थाने में उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।




### क्या अभी होल्ड रहेगी एसीपी वाली लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एसीपी स्तर के अधिकारियों के तबदलों की चर्चा जोरों पर थी। वहीं बीते कई दिनों से मामला शांत चल रहा है। तो उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे हालात चल रहे हैं, ऐसे में सुनने में आ रहा है कि अब एसीपी वाली लिस्ट भी होल्ड कर दी गई है। पुलिस के लोकल वाले सूत्रों पर भरोसा करें तो उनका कहना है कि बीते दिनों पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और भगवा विधायक के बीच शुरू हुआ विवाद इस होल्ड की वजह है। तो वहीं सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बनने की चर्चा जोरों पर थी। कई अधिकारी खुद मान रहे थे कि उनका नया जोन और पुराने जान से टाटा बाय-बाय करनी होगी लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी स्तर के अधिकारी के कार्यक्षेत्र बदलने को लेकर दो आईपीएस अधिकारियों के बीच चर्चा भी हुई लेकिन उसको भी बदला नहीं गया है। बीते दिनों तीन लोगों की लिस्ट आने के बाद इस बात का भी वेट था कि कई और थाने के प्रभारी और समय पूरा होने वाले थानों को लेकर भी कुछ नया आदेश आएगा लेकिन उसपर भर अभी वेट



वाली स्थिति निकल कर आ रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर जल्द ही एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव वाली स्थिति नहीं हुई तो इनका लंबा होल्ड पर भी रखा जा सकता है। सुनने में आ रहा है कि जून के बाद फिर जुलाई में ऐसा संभव नहीं हो पाएगा। जुलाई में पश्चिम की सबसे बड़ी व प्रमुख कांवड़ यात्रा शुरू होनी हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर कई स्तर की तैयारियां व प्लानिंग होती हैं। फिर यात्रा के बाद 15 अगस्त और अन्य त्यौहार एक के बाद एक पड़ेंगे। त्यौहारी सीजन के मद्देनजर भी फिर एक बार अधिकारियों के तबादले वाली व्यवस्था पर ब्रेक लगने की प्रबल संभावना रहेगी। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस अधिकारी को लेकर भी अभी स्थिति साफ नहीं है कि उनकी कमिश्नरेट को लेकर कोई लिस्ट 30 जून से पहले रवाना की जाती है या नहीं। उधर बीते कई दिनों से एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट वाला मामला होल्ड होने की वजह से कई एसीपी स्तर के अधिकारियों ने राहत वाली सांस ली है ऐसा विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं।

# धर्म व नाम छिपाकर युवती का शारीरिक शोषण किया

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा



**लोनी, करंट क्राइम।** एक युवक ने अपना धर्म छिपाकर दूसरे समुदाय की एक युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया तथा शादी का नाटक रचकर उसका शारीरिक शोषण किया। युवती को उसकी असलियत की जानकारी हुई तो युवक ने उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया और इंकार करने पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

अंकुर विहार थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती का आरोप है कि कुछ समय पूर्व उसकी जान पहचान समीर नाम के युवक से हुई थी। युवक ने अपना सही नाम व धर्म छिपाकर अपना नाम नरेश शर्मा बताया और युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर समीर आए दिन युवती का शारीरिक शोषण करने लगा। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर वह युवती को 13 मई को हरिद्वार ले गया और वहां एक मंदिर में शादी का नाटक रच उसे वापस ले आया। वह युवती को अपनी दुकान सीमापुरी दिल्ली ले गया। वहां आसपास के लोगों ने उसका सही नाम समीर पुकारा तो युवती को उसके नाम व धर्म की जानकारी हुई। आरोप है कि भेद खुलने के बाद वह युवती पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा और इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। बात ना मानने पर युवती को जान से मारने की धमकी देने लगा। 25 जून को किसी तरह युवती उसके चंगुल से छूटकर अंकुर विहार थाने पहुंची और आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी अंकुर विहार का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### तूल पकड़ता जा रहा है दोहरे हत्याकांड का मामला

# यदि किसी आरोपित का एनकाउंटर हुआ तो प्रदेशभर में होगा आंदोलन : यति रणसिंहानंद गिरी




**मोदीनगर,करंट क्राइम।** मोदीनगर में गत दिनों हुए दोहरे हत्याकांड का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। एक तरफ पीड़ित परिजन आरोपितों के एनकाउंटर की मांग पर अड़े हुए हैं, उधर श्रीशक्ति धाम डासना मंदिर के यति रणसिंहानंद गिरी ने बुध्वार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि यदि किसी भी आरोपित का पुलिस एनकाउंटर हुआ तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन होगा, वहीं मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों की बेचैनी भी बढ़ गई है। पुलिस व खुफिया विभाग इस घटना से जुड़े हर पहलू पर अपनी नजर जमाये हुए है। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव खिंदौड़ा में हुए दोहरे हत्याकांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक परिजन आरोपितों के एनकाउंटर की मांग पर कर रहे हैं तो वही उन्हें विपक्षी दल के नेताओं का समर्थन मिल रहा है जिसके चलते अब हिंदूवादी संगठन के लोग सामने आए हैं। श्रीशक्ति धाम डासना मंदिर के रणसिंहानंद गिरी ने सोशल प्लेटफार्म पर एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी कि यदि किसी आरोपित का एनकाउंटर हुआ तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज के लोगों को फंसाने का आरोप मंढ़ा है। वीडियो में कहा कि सभी साधु इसके विरोध में खड़े हो जाएंगे जिसका खामियाजा पुलिस प्रशासन को झेलना पड़ेगा। उन्होंने गलत तरीके से हिंदू समाज के लोगों को फंसाने का आरोप लगाया है। इतना ही नही हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष पिंकी ने भी ट्वीट कर आरोपितों के पक्ष में खड़े होने का ऐलान किया है। एनकाउंटर किये जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है वहीं मृतक पप्पू व राजा के परिजनों को सपा, बसपा, आईएमआईएम के पदाधिकारियों ने एनकाउंटर का समर्थन किया है इसको लेकर पुलिस की बेचैनी बढ गई है। बढ़ती बयानबाजी के चलते पुलिस व खुफिया विभाग अलर्ट हो गया है। गांव में शांति है, लेकिन पुलिस व खुफिया विभाग अपनी पैनी नजर रखे हुए है। फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस की टीमें छापामार कार्रवाई कर रही है।

# रुपयों से भरा बैग लेकर भागे बदमाश




**लोनी, करंट क्राइम।** स्कूटी सवार तीन बदमाश दूध कम्पनी के कलैक्शन एजेंट का बैग उठाकर भाग गए। बैग में 40 हजार की नगदी और आवश्यक कागजात रखे हुए थे। पीड़ित ने लोनी बॉर्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

लोनी बॉर्डर थाने की विकास कुंज कॉलोनी निवासी जगपाल अमूल दूध कम्पनी के कलैक्शन एजेंट हैं। मंगलवार को वह मौजपुर दिल्ली से दूध के पैसे एकत्र कर घर लौटा रहा था। आरोप है कि तबीयत खराब होने के कारण वह कॉलोनी में ही वैष्णो मंदिर के पास अपना बैग स्कूटी पर रखकर मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने लगा। इसी दौरान पीछे से स्कूटी पर तीन बदमाश आए और उसका बैग उठाकर भाग गए। बैग में 40 हजार की नकदी और जरूरी कागजात रखे हुए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण

## रोड के निर्माण कार्य में प्रगति न होने पर जताई नाराजगी





- निरीक्षण में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता भी रहे साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-सहारनपुर रोड के लिए मरम्मत धनराशि जारी होने के बाद भी कार्य में प्रगति न होने और पुनः पूर्व के ठेकेदार को ही टेंडर दिये जाने पर नाराजगी जताते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता के साथ दिल्ली-सहारनपुर रोड़ का औचक निरीक्षण किया। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का कहना है कि पूर्व में ठेकेदार द्वारा बनाई गई सड़क को गुणवत्ताहीन और आधा अधूरा बनाया जाने पर उन्होंने एमवाईसी इंफ्रा फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की थी। लोनी विधायक ने इस संबन्ध में जिलाधिकारी और सांसद को पत्र लिखकर पुनः फर्म को ब्लैकलिस्ट करने, मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा प्रति परिवार देने की मांग की है। वहीं निरीक्षण के बाद पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता ने कहा कि मार्ग पर कार्य शुरू करवा दिया गया है। संबंधित फर्म को कार्य में कोताही न बरतने को कहा गया है।

### बेहटा हाजीपुर मार्ग का निर्माण भी जल्द होगा

करंट क्राइम। अधिशासी अभियंता ने बताया कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों से जल्द बेहटा हाजीपुर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। प्रस्ताव के सापेक्ष में जल्द धन आवंटन करा लिया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया था कि बेहटा नहर व लोनी के लिए अन्य आवश्यक विकास कार्यों को तीव्र गति से कराया जाएगा। इस दौरान भाजपा सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज व अन्य सभी भाजपा सभासद मौजूद रहे।

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी बोले

# 'मोदी 3.0 में अमेरिका और भारत एक साथ मिलकर करेगा काम'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक बार फिर भारत और अमेरिका संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत अमेरिका के साथ मिलकर काम करेगा, तभी रक्षा साझेदारी, अहम उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन को बधाई देते हुए गासेर्टी ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को हकीकत में बदलने का समय है। उन्होंने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि मोदी 3.0 में हमारे लिए अपने सपनों को साकार करने और उन्हें हकीकत में बदलने का समय है।'

बता दें, यह भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी का पहला इंटरव्यू है। अमेरिकी राजदूत ने कहा, 'चाहे रक्षा साझेदारी के लिए हम साथ मिलकर काम कर रहे हों, चाहे हमारी महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियां हों या आर्थिक समृद्धि लाने के लिए हम जो काम कर रहे हों, मुझे लगता है कि मोदी 3.0 में ये तीन चीजें महत्वाकांक्षी भारत को अमेरिका के साथ मिलकर काम करते हुए देख सकते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरा मानना है कि मोदी 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत के बीच एक बार फिर ऐसे संबंध बनाएं जो न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया में अच्छा काम करे। जो दुनिया को दिखा सके कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर हैं। एक स्वतंत्र और खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र एक ऐसी चीज है जो हर इंसान के लिए फायदेमंद है।'

### द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को हकीकत में बदलने का समय

### मैं 14 साल की उम्र में भारत आया



भारत में अमेरिकी राजदूत के तौर पर हाल ही में एक साल पूरा करने वाले गासेर्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल के दौरान हमने राजकीय यात्रा देखी, राष्ट्रपति जी-20 के दौरान यहां आए और 150 से अधिक समझौते हुए। उन्होंने आगे कहा कि चाहे अंतरिक्ष की बात हो, सेहत की बात हो, रक्षा की बात हो या व्यापार की बात हो, हमने अतीत के संघर्षों को सुलझा लिया है और भविष्य की अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर आगे बढ़े हैं।

राष्ट्रपति जो बाइडन के करीबी गासेर्टी फिलहाल सेलेक्ट यूएसए समिट में हिस्सा लेने के लिए वॉशिंगटन डीसी में हैं, जिसमें भारत का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल शामिल है। वह सात वर्षों में पहली बार यूएस-इंडिया एविएशन समिट को भी संबोधित करेंगे।

भारतीय चुनावों पर एक सवाल के जवाब में लॉस एंजिलिस शहर के 53 वर्षीय पूर्व मेयर ने कहा, 'सबसे पहले 1.4 अरब लोगों के देश को मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हुए देखना बहुत प्रभावशाली था, दुनिया में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जो काम किया गया था।

# पाकिस्तान ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

## कहा- निरंतर शत्रुता में हम विश्वास नहीं करते

### डार ने नई सरकार से संबंधों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार (74) ने मंगलवार को भारत को दोस्ती का संदेश दिया। उन्होंने कहा, उनका देश निरंतर शत्रुता में विश्वास नहीं करता है। डार ने नई दिल्ली में नई सरकार से इस्लामाबाद के साथ अपने संबंधों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज इस्लामाबाद (आईएसएसआई) में एक सेमिनार में पीएमएल-एन नेता ने कहा कि पाकिस्तान अपने पड़ोसी देशों के साथ हमेशा मित्रतापूर्ण संबंधों का हिमायती रहा है। इतिहास में हमारे भारत के साथ संबंध अशांत रहे हैं। डार ने कहा, हम आपसी सम्मान, संप्रभुता, लंबे समय से चले आ रहे जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध चाहते हैं। पाकिस्तान हमेशा बातचीत के माध्यम से सभी लंबित मुद्दों को हल करना चाहता है। वह कभी भारत के एकतरफा दृष्टिकोण, इच्छा या आधिपत्य को लागू करने के प्रयासों पर सहमत नहीं होगा। हम भारत की हिंदूवादी सरकार के बिना सोचे समझे सैन्य दुस्साहस का निर्णायक जवाब देंगे।

डार ने कहा, दक्षिण एशिया मानवता के पांचवें हिस्से से अधिक का घर है। यह क्षेत्र गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, बीमारी, खाद्य असुरक्षा, पानी की कमी, प्राकृतिक आपदाओं, पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों सहित कठिन चुनौतियों से घिरा हुआ है। एक-दूसरे से लड़ने के बजाय, दक्षिण एशियाई देशों के लिए इन चुनौतियों का मुकाबला करना समझदारी होगी। हम न केवल आर्थिक रूप से सबसे कम एकीकृत क्षेत्र हैं, बल्कि मानव विकास के लगभग सभी सूचकांकों पर सबसे कम रैंकिंग वाले क्षेत्र में से एक हैं।

डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने हमारे निकटतम और विस्तारित पड़ोस के सभी देशों के साथ शांतिपूर्ण, सहयोगात्मक और अच्छे-पड़ोसी संबंध रखने के लिए लगातार प्रयास किया है। कहा कि चुनौतियों और यहां तक कि कुछ मामलों में असफलताओं के बावजूद, पाकिस्तान का दृष्टिकोण दृढ़ बना हुआ है।

डार ने कहा कि पाकिस्तान ने यह सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को भी प्राथमिकता दी है कि हमारे कार्य व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ तालमेल में रहें।

समावेशी शासन और सभी अफगानों के अधिकारों के सम्मान पर जोर देने के अलावा, पाकिस्तान यह सुनिश्चित करने की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर देता है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी राज्य के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं किया जाए।



# तीस्ता परियोजना पर भारत-चीन दोनों के प्रस्तावों पर विचार करेगा बांग्लादेश : शेख हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि उनका देश सीमापार तीस्ता नदी पर जलाशय से जुड़ी एक बड़ी परियोजना के लिए भारत और चीन के प्रस्तावों पर गौर करेगी और बेहतर प्रस्ताव को स्वीकार करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पिछले हफ्ते भारत की यात्रा कर चुकी हसीना ने अपने दौरे को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनकी वार्ता के परिणाम मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

हसीना ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हमने तीस्ता परियोजनाएं शुरू कीं। चीन ने प्रस्ताव दिया है और भारत ने भी। हम दोनों प्रस्तावों का मूल्यांकन करेंगे और हमारे लोगों के हितों के संदर्भ में जो सबसे अधिक लाभकारी और स्वीकार्य होगा, उसे स्वीकार करेंगे। यह पूछे जाने पर कि तीस्ता परियोजना के संबंध में भारत और चीन में से वह किस पक्ष का अधिक समर्थन करती हैं, हसीना ने कहा, हम अपने देश की विकास संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर अपनी मित्रता बनाए रखते हैं।

चीन ने इस परियोजना पर भौतिक सर्वेक्षण पूरा कर लिया है, जबकि भारत ने तीस्ता परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में एक और अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त की है। माना जा रहा है कि भारत को अपने रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास एक प्रमुख परियोजना में चीन की भागीदारी पर आपत्ति है, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, जबकि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि ढाका प्रस्ताव पर आगे बढ़ने में भू-राजनीतिक मुद्दों को संज्ञान में लेगा।

बांग्लादेश के अधिकारियों के अनुसार, चीन ने 2020 में तीस्ता नदी पर गाद निकालने के एक बड़े कार्य और भारत की किसी भी भूमिका के बिना जलाशयों और तटबंधों के निर्माण का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बांग्लादेश इस परियोजना पर आगे नहीं बढ़ा है। कई विश्लेषकों ने कहा कि इस परियोजना में चीन की भागीदारी प्रमुख साझा नदी पर भारत-बांग्लादेश विवाद को जटिल बना सकती है।

वर्ष 2009 में अवामी लीग सरकार के सत्ता में लौटने के बाद से तीस्ता जल बंटवारे के समझौते पर बातचीत चल रही है, जबकि हसीना ने आज कहा कि बांग्लादेश का भारत के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारे को लेकर एक पुराना मुद्दा है। उन्होंने कहा, इसलिए, अगर भारत तीस्ता परियोजना करता है तो बांग्लादेश के लिए यह आसान होगा।

# भारतीय मूल की गर्भवती महिला को गलत आरोपों में काटनी पड़ी जेल की सजा

**लंदन।** ब्रिटेन से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक भारतीय मूल की आठ सप्ताह की गर्भवती महिला को गलत आरोपों में जेल की सजा काटनी पड़ी थी। यह मामला अब इसलिए सामने आया है क्योंकि इंग्लैंड में एक डाकघर की भारतीय मूल की पूर्व प्रबंधक ने उस इंजीनियर की माफी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, जिसके सबूत के चलते उन्हें दोषी ठहराया गया था।

**12 साल पहले माना था दोषी :** 47 साल की सीमा मिश्रा की सजा अप्रैल 2021 में रद्द कर दी गई थी। उस समय अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि महिला को 12 साल पहले गलत आरोपों में दोषी माना गया था। बता दें, महिला पर आरोप था कि उसने उप डाकपाल के पद पर कार्यरत होते हुए डाकघर की शाखा से 75 हजार पाउंड चोरी किए थे।




**कोई नहीं समझ सकता :** घोटाले की चल रही जांच को लेकर सीमा ने अदालत में कहा, 'पूर्व फुजित्सु इंजीनियर गैरेथ जेनकिंस ने बहुत देर से माफी मांगी है। वो भी बहुत कम। जेनिकिंस सदियों पहले माफी मांग सकते थे। जिस हालत से मैं गुजरी हूं उसे कोई नहीं समझ सकता।'

महिला की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में सामने आई, जब घोटाले की जांच में गैरेथ जेनकिंस ने एक लिखित बयान दिया था कि उन्हें नहीं पता कि मिश्रा सजा के दौरान गर्भवती थीं और इसके बारे में उन्हें कई वर्षों बाद पता चला था। उन्होंने कहा था, 'जो भी हुआ वह बहुत ही दुखद है। मैं उनके साथ जो भी हुआ, उसके लिए मिश्रा और उनके परिवार से सिर्फ माफी ही मांग सकता हूं।' डाकघर घोटाले में अब पुलिस झूठी गवाही या अदालत से झूठ बोलने को लेकर जांच कर रही है। 15 उप-पोस्टमास्टर मामले में पूर्व इंजीनियर जेनकिंस विशेष गवाह हैं। जांच के शुरू होते ही उन्होंने किसी भी गलत काम में मिश्रा के शामिल होने से इनकार किया था।

इससे पहले, सीमा ने डाकघर के पूर्व प्रबंधक निदेशक डेविड स्मिथ द्वारा मांगी गई माफी को भी स्वीकार नहीं किया था।

# भारतीय-अमेरिकी दंपति को कोर्ट ने सुनाई सजा, रिश्तेदार को गैस स्टेशन पर काम करने के लिए मजबूर करने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने अपने रिश्तेदार को तीन साल से अधिक समय तक जबरदस्ती अपने गैस स्टेशन और सुविधा स्टोर पर काम कराने के आरोप में एक भारतीय दंपती को जेल की सजा सुनाई है। दरअसल, दंपती ने स्कूल में दाखिला दिलाने के बहाने से अपने रिश्तेदार को अमेरिका लेकर आया था। आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय हरमनप्रीत सिंह और 43 वर्षीय कुलबीर कौर के तौर पर की गई है। जहां हरमनप्रीत सिंह को 135 महीने और कुलबीर कौर को 87 महीने की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही दोनों को पीड़ित को 1.87 करोड़ रुपये देने का आदेश भी दिया गया है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा कि



आरोपी दंपती ने पीड़ित के साथ अपने संबंध का फायदा उठाते हुए उससे झूठे वादे कर उसे अमेरिका ले आए। उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेजों को जब्त कर लिया और न्यूनतम वेतन देकर उसे काम करने के लिए मजबूर किया। टॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा कि इस सजा से यह संदेश जाता है कि हमारे समुदाय में जबरन श्रम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

न्याय विभाग ने बताया कि मुकदमें के दौरान पेश किए गए सबूतों से पता चलता है कि आरोपी हरमनप्रीत सिंह अपने रिश्तेदार और एक नाबालिग को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर उन्हें अमेरिका लेकर आया। अमेरिका आने के बाद उसने अपने रिश्तेदार के आव्रजन दस्तावेज को जब्त करने के बाद उन्हें अपने स्टोर में तीन साल (2018 से 2021) के लिए जबरन काम करने को मजबूर किया।

दोनों आरोपी अपने रिश्तेदार से स्टोर की साफ सफाई से लेकर खाना बनाना, स्टॉक करना और कैश रजिस्टर को संभालने का काम करवाता था।

वह न्यूनतम वेतन पर पीड़ित से हर दिन 12-17 घंटे काम करवाता था। आरोपी ने कई दिनों तक पीड़ित को स्टोर के पीछे सोने के लिए छोड़ देता था।P

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सिख विवाह अधिनियम 2024 लागू

### कैबिनेट मंत्री ने फैसले को बताया ऐतिहासिक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सिख विवाह अधिनियम 2024 को लागू कर दिया है। इसके तहत सिख समुदाय के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के जोड़े विवाह और तलाक का पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रांतीय मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री मरियम नवाज की अध्यक्षता में एक बैठक की। इस दौरान पंजाब सिख आनंद कारज विवाह रजिस्ट्रार और विवाह नियम 2024 को मंजूरी दे दी।

पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री सरदार समेश सिंह अरोड़ा ने इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया है। उन्होंने कहा ह्यआज पंजाब विश्व का पहला ऐसा प्रांत बन गया है, जहां पंजाब सिख विवाह अधिनियम लागू किया गया है ह्न उन्होंने आगे कहा कि दूसरे प्रांतों में रह रहे सिख समुदाय के लोग भी अपने विवाह का पंजीकरण कराने के लिए पंजाब प्रांत आ सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले कुछ महीने में मंत्रिमंडल के समक्ष हिंदू विवाह अधिनियम भी रखा जाएगा।

अरोड़ा के अनुसार ह्यवर्ष 2017 से सिख विवाह अधिनियम की स्वीकृति का इंतजार किया गया है। पंजाब प्रांत की सरकार विद्यालयों के पाठ्यक्रमों ने नफरत से जुड़े पाठों को हटाएगी और इनकी जगह शांति की स्थापना करने वाले पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाएगा।

सिख विवाह अधिनियम के अनुसार विवाह करने वाले युवक और युवती की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। अगर विवाह में कोई व्यवधान आता है तो पांच सदस्यीय संगत द्वारा इसका हल निकाला जाएगा।

# इस्राइल ने जारी की नई चेतावनी, उत्तरी गाजा में हमास शासन का जल्द होगा खात्मा

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस्राइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा।

इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने मंगलवार को रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इस्राइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इस्राइली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।



**अब यह नई योजना :** हानेग्बी ने कहा, 'हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। इसलिए अब हमारी यही योजना है और इस पर अमेरिका भी सहमत हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि आप हमास को पूरी तरह से गायब नहीं कर सकते क्योंकि यह एक विचार है, एक अवधारणा है।

**नेतन्याहू ने बताए इस्राइल के तीन युद्ध उद्देश्य :** गौरतलब है, अमेरिका ने युद्ध के बाद गाजा के शासन के लिए एक दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए इस्राइल के अधिकारियों पर दबाव डाला है। हालांकि बाइडन प्रशासन इस्राइल द्वारा गाजा पर कब्जा करने का हमेशा ही विरोध करता रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि इस्राइल के तीन युद्ध उद्देश्य हैं हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं का विनाश, सभी बंधकों की वापसी और यह सुनिश्चित करना है कि गाजा अब इस्राइल के लिए खतरा नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि युद्ध के बाद गाजा की देखरेख अरब देशों की सहायता से यहां के नागरिकों द्वारा की जाएगी।

# आतंकवाद विरोधी अभियान पर पाकिस्तान के पीएम को देना पड़ा स्पष्टीकरण, कहा- यह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान नहीं

**इस्लामाबाद।** संसद से परामर्श किए बिना हाल ही में घोषित आतंकवाद विरोधी अभियान को लेकर पाकिस्तान आलोचनाओं का सामना कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि यह गतिज बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान नहीं होगा, न ही इसमें लोगों का बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा।

पिछले सप्ताह एक उच्च पदस्थ चीनी अधिकारी द्वारा सुरक्षा को बहु-अरब डॉलर वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताए जाने के बाद एक नया आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद शनिवार को सरकार द्वारा घोषित ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकम2000 के दशक के मध्य से पाकिस्तानी सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद विरोधी अभियानों की श्रृंखला में से एक है।



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्य योजना की केंद्रीय शीर्ष समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई। वहीं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ, जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल और अवामी नेशनल पार्टी सहित विपक्षी दलों ने नए आतंकवाद विरोधी अभियान का समर्थन करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि आतंकवाद के खिलाफ कोई भी आक्रामक कार्रवाई शुरू करने से पहले संसद को विश्वास में लिया जाए।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा सोमवार देर रात बयान दिया गया, जिसमें कहा गया था कि ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकमकोई बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान नहीं होगा, न ही इसमें स्थानीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन शामिल होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को स्पष्टीकरण देना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि नियोजित आतंकवाद निरोधी अभियान विजन अज्म-ए-इस्तेहकममें ह्लनए और संगठितह्न सैन्य हमले के बजाय चल रहे खुफिया-आधारित अभियानों (आईबीओ) को तेज करना शामिल होगा।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने विपक्षी दलों को आश्वासन दिया है कि नए घोषित आतंकवाद विरोधी अभियान के बारे में उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा। आसिफ ने मंगलवार को लाहौर में कहा, हम इस बार भी आम सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। हम जेयूआई-एफ, एएनपी और पीटीआई द्वारा व्यक्त की गई शंकाओं का समाधान करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, इस ऑपरेशन का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। हम केवल पिछले कुछ महीनों से जारी आतंकवाद की बढ़ती लहर को चुनौती देना और समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने सभी सरकारी घटकों, न्यायपालिका, सुरक्षा बलों, संसद और मीडिया से ऑपरेशन का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह एक राष्ट्रीय संकट है, जिसकी जिम्मेदारी केवल सेना की नहीं बल्कि सभी संस्थाओं की है।

एक अन्य मीडिया रिपोर्ट ने संघीय कैबिनेट की बैठक के दौरान पीएमओ के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री ने 'विजन अज्म-ए-इस्तेहकम' के बारे में गलतफहमियों और अटकलों के बारे में कैबिनेट सदस्यों को विश्वास में लिया।

इसमें शहबाज शरीफ के हवाले से कहा गया है कि नया ऑपरेशन विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और पूरे राज्य तंत्र के बहुआयामी सहयोग का एक समग्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण है।

# नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में 'बुद्ध बॉय' दोषी करार, अब एक जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

**काठमांडू।** नेपाल की एक अदालत ने बुद्ध बॉय के नाम से मशहूर आध्यात्मिक नेता को यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी ठहराया। बुद्ध बॉय के प्रचलित राम बहादुर बामजन को जनवरी में नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के के अलावा अपने चार भक्तों के गायब होने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। सरलाही जिला न्यायालय के एक जज ने उसे दोषी करार दिया। कोर्ट ने बताया कि सजा एक जुलाई क सुनाई जाएगी।

### गौतम बुद्ध का अवतार मानते हैं भक्त

33 वर्षीय राम बहादुर बामजन को उसके भक्त गौतम बुद्ध का अवतार मानते हैं। उसके भक्तों का मानना है कि बुद्ध बॉय महीनों तक पानी, नींद और भोजन के बिना ध्यान कर सकता है। हालांकि, कुछ पत्रकारों ने उसे ध्यान के दौरान कुछ खाते और सोते हुए भी रिकॉर्ड किया था। 2010 में उसके खिलाफ दर्जनों हमले की शिकायतें दर्ज की गई थी। इस पर सफाई पेश करते हुए बुद्ध बॉय ने बताया था कि ध्यान के दौरान परेशान करने के कारण उसने अपने भक्तों को पीट दिया था।



### जनवरी में हुई थी गिरफ्तारी

नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उसे इस साल काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने 227,000 डॉलर मूल्य के नेपाली बैंक नोट और 23,000 डॉलर मूल्य की अन्य विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इन आरोपों के बाद भी राम बहादुर बामजन के पास अभी भी भक्तों की एक बड़ी संख्या है। एक समय करीब दस हजार भक्त जंगल में उसके ध्यान के चमत्कार को देखने के लिए एकत्रित हुए थे।

16 साल की उम्र में वह नौ महीनों के लिए गायब हो गया था, जिसके बाद उसके भक्तों ने उसकी वापसी के लिए प्रार्थना की थी।

# निगम ने पांचों जोन में वेस्ट टू वंडर हेतु चिह्नित किए पार्क

## सौंदर्यीकरण में उद्यान के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की होगी अहम भूमिका : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा जहां कचरा निस्तारण के कार्य को तेजी से कराया जा रहा है वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में वेस्ट से बेस्ट बनाने की तर्ज पर भी कार्य चल रहा है।

शहर में सिटी जोन के अंतर्गत कंपनी बाग में वेस्ट टू वंडर पार्क बना हुआ है जिसमें अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए पार्क को सुसज्जित व सुंदर बनाया गया है, इसी तर्ज पर गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत अन्य 10 पार्क भी बनाए जाएंगे जिसमें जन सहयोग से अहम भूमिका निभाएगा नगर निगम। नगर आयुक्त ने बताया कि मानसून से पहले शहर के पार्कों में पौधरोपण तेजी से कराया जा रहा है वहीं शहर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जन-जन को जागरूक करते हुए वेस्ट से बेस्ट बनाने का कार्य भी चल रहा है। वार्ड संख्या 52 मॉडल टाउन ईस्ट में कर्नल टी पी एस त्यागी के आवास के सामने वाला पार्क, वार्ड संख्या 69 लोहिया नगर लाल क्वार्टर तीसा वाला पार्क, वार्ड संख्या 62 डी ब्लॉक गोविंदपुरम चौधरी चरण सिंह वाला पार्क, वार्ड संख्या 84 राजनगर सेक्टर 14 विश्वनाथ मंदिर वाला पार्क, वार्ड संख्या 14 सेक्टर 9 ई 116 के सामने वाला पार्क, वार्ड संख्या 25 सेक्टर 9 सी 32 के सामने वाला पार्क, वार्ड संख्या 94 सूर्य नगर बी ब्लॉक नेहरू पार्क, वार्ड संख्या 72 कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क, वार्ड संख्या 10 डीएलएफ कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क, वार्ड संख्या 86 राजेंद्र नगर राधेश्याम बड़ा पार्क समेत समस्त जोन में दो-दो पार्क वेस्ट टू वंडर के रूप में सुसज्जित किया जा रहे हैं जिससे शहरवासियों को भी लाभ मिलेगा तथा अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए इन पार्कों को सुंदर बनाया जाएगा।



गाजियाबाद नगर निगम-उद्यान विभाग
जोन में वेस्ट टू वंडर से सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु चयनित किये गये 02-02 पार्कों की सूची

| वार्ड | जोन का नाम | पार्क का नाम |
|---|---|---|
| 52 | सिटीजोन | मॉडल टाऊन ईस्ट कर्नल त्यागी जी के आवास के सामने पार्क |
| 69 | सिटीजोन | लोहियानगर म.नं.-7/8 लाल क्वार्टर तीसा वाला पार्क |
| 62 | कविनगर जोन | डी-ब्लॉक गोविन्दपुरम चौधरी चरण सिंह पार्क |
| 84 | कविनगर जोन | राजनगर सै0-14 विश्वनाथ मन्दिर वाला पार्क |
| 14 | विजयनगर जोन | सै0-09 ई-116 के सामने पार्क |
| 25 | विजयनगर जोन | सै0-09, सी-32 के सामने पार्क |
| 94 | वसुन्धरा जोन | सूर्यनगर बी-ब्लॉक नेहरू पार्क |
| 72 | वसुन्धरा जोन | कौशाम्बी स्थित सेन्ट्रल पार्क |
| 10 | मोहननगर जोन | डी.एल.एफ. कालोनी स्थित सेन्ट्रल पार्क |
| 86 | मोहननगर जोन | राजेन्द्रनगर स्थित राधेश्याम बड़ा पार्क |

### खराब वस्तुओं का सदुपयोग करें शहरवासी

**करंट क्राइम।** नगर निगम शहर के कचरे के निस्तारण के लिए शहरवासियों को जागरुक कर रहा है जिसमें घरों में भी कई ग्रहणीवेस्ट से बेस्ट सामान बनाकर उपयोग में ले रही हैं। शहरवासियों को अपने घरों में भी खराब वस्तुओं का सदुपयोग करने के लिए मोटिवेट किया जा रहा है। साथ ही शहर के सौन्दर्यीकरण में भी शहरवासियों से सहयोग की अपील की जा रही है।

# गाजियाबाद में डिवाइडर से बाइक टकराई, एक की मौत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एक बाइक पर सवार दो युवक डिवाइडर पर लगे लोहे की बेरिकेडिंग से टकरा गए। जिसमें यूपी के रहने वाले युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे मध्यप्रदेश के युवक को गंभीर चोटें लगी हैं। हादसा बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। थाना कविनगर क्षेत्र के गोविंदपुरम में भीषण सड़क हादसा हो गया।

इस हादसे में बाइक पर दो युवक सवार थे। जिनमें पहला युवक यूपी का, वहीं दूसरा युवक मध्यप्रदेश का रहने वाला है। इस हादसे के बारे में गाजियाबाद एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि 26 जून को दोपहर करीब 2:30 बजे एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 14 एफजेड 4088 है, वह डिवाइडर से टकरा गई है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बाइक पर सवार दो युवक डिवाइडर पर लगे लोहे की बेरिकेडिंग से टकरा गए हैं। जिसमें ई-ब्लॉक गोविंदपुरम थाना कवि नगर निवासी शिवम तोमर पुत्र राकेश की मौत हो गई है, जो बाइक चला रहा था। वहीं बाइक पर पीछे बैठे मध्य प्रदेश के मोंटू पुत्र मोहन घायल हैं। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया है। साथ ही मृतक के शव का पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया बुलंदशहर के छात्रावास का निरीक्षण



### निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

#### मजबूती के साथ करा रहे हैं विकास

**करंट क्राइम।** राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा लगातार अपने विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया जा रहा है। कार्यों को बेहतर करने के लिए उसका निरीक्षण करते हैं और विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए उनको उत्तर प्रदेश सरकार लगातार बढ़ा हुआ बजट भी प्रदान कर रही है।



**बुलंदशहर,करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रभारी नरेंद्र कश्यप ने बुलंदशहर के गांव कोटा में दिव्यांग शक्तिकरण विभाग के निर्माणाधीन समेकित विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्यमें तेजी लाने के निर्देश दिये। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के पास दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग भी है जिसकी देखरेख में निर्धन आय वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए तमाम तरीके की योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं ओबीसी छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण बुलंदशहर में चल रहा है। उसको लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री को भेजेंगे समीक्षा रिपोर्ट :** जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री लगातार अलग-अलग जिलों में अपने विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

इसकी समीक्षा करके जल्द ही मुख्यमंत्री को भी रिपोर्ट भेजेंगे ताकि जो कमियां और देरी है, उन्हें समय रहते पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान नरेंद्र कश्यप का स्थानीय अधिकारियों ने स्वागत भी किया। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों के संबंध में भी बातचीत की।

# शालीमार गार्डन में शॉप के विवाद में जानलेवा हमला, चाकू से काटी गर्दन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन एरिया में बुधवार को दोपहर में 2 अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुस कर दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने दुकानदार की गर्दन पर हमला किया।

घायल दुकानदार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन के सी ब्लॉक प्लाट नम्बर सी 64 के मैन रोड पर दुकानदार को 2 अज्ञात बदमाशों ने चाकू मार कर घायल कर दिया। ।नपत नाम का ये दुकानदार कोल्ड ड्रिंक का कारोबार करता है। घायल को श्रेया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीद ने बताया कि घायल धनपत 29 वर्ष पुत्र बुधराम निवासी शहीद नगर ने सी 64 ब्लाक शालीमार गार्डन त्रिवेरिणी धाम मंदिर के पास कुछ महीने पहले 20 लाख में दुकान खरीदी है। जब वो दुकान पर समान डिलीवरी करने आया था, तो धनपत घायल अवस्था में था।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दो अज्ञात बदमाशों ने दुकानदार धनपत की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया है। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं जल्दी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने भंडारा सामग्री अमरनाथ रवाना की




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रीअमरनाथ यात्रा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शेषनाग, कश्मीर में 29 वें विशाल भंडारे का आयोजन पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा द्वारा किया जा रहा है। पिछले 28 वर्षो से यह भंडारा लगातार अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाया जाता है। इस भंडारे के लिए 4 ट्रकों के माध्यम से 30 टन खाद्य सामग्री बुधवार को इंद्रापुरम कार्यालय से अमरनाथ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। सामग्री में सूखा राशन, बिस्कुट, नमकीन, ब्लैंकेट, जूते, दवाइयां, पानी इत्यादि जरूरी सामान शामिल है। विशाल भंडारे के साथ-साथ श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी की जाएगी। भंडारे की समुचित व्यवस्था के लिए 72 सेवादारों का जत्था भी रवाना हुआ, जिसमें डॉक्टरों की एक टीम भी शामिल है। यह विशाल भंडारा 29 जून से प्रभु की इच्छा तक शेषनागजी में आयोजित किया जाएगा।

# वार्ड-95 के पूर्व पार्षद ने नगर आयुक्त का आभार जताया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड-95 के पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने मरकज मस्जिद के पास की सीवर लाइन खोलकर नगर निगम द्वारा सीवर का पानी निकालने पर नगर आयुक्त का आभार जताया है। साथ ही उन्होंने नगर आयुक्त से पूरी सीवर लाइन की डिसील्डिग और नालों पर से अतिक्रमण हटाकर नाले का ढाल ठीक कराने से मांग की है ताकि उक्त समस्या का पूर्ण रूप से समाधान हो सके।

# नागेश गुर्जर को एबीवीपी का सह संयोजक नियुक्त किया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खुर्जा-बुलंदशहर अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गाजियाबाद इकाई का नागेश गुर्जर को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नागेश गुर्जर की नियुक्ति राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल कांत ,पश्चिम उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री मनोज निखरा,मेरठ प्रांत संगठन मंत्री तरुण व सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई। नागेश गुर्जर ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि वह एबीवीपी के सिद्धांतों एवं विचारों से युवा वर्ग को जोड़ने एवं माँ भारती की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हुए इस जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वाह करेंगे।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने नेत्र चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य स्तर पर राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टिदोष कार्यक्रम की गतिविधियों की प्राप्त उपलब्धियों के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अपने कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर दृष्टिदोष निवारण करने वाले चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित होने वालों में डॉ.अनिता सिंह जिला चिकित्सालय स्तर पर मोतियाबिंद आपरेशन में दशम स्थान, डॉ.स्वाति खोखर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मोतियाबिन्द आपरेशन में पंचम स्थान, श्रीमती अंशु आर्य राज्य स्तर पर निःशुल्क चश्मा वितरण (स्कूली छात्रों को) में तृतीय स्थान, डॉ. अमित विक्रम-राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता एवं दृष्टि दोष कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर जनपद गाजियाबाद के लक्ष्य के सापेक्ष पंचम स्थान पर रहे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भवतोष शंखधर भी उपस्थित रहे।

# कैंमकुस नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कार्यशाला आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित कैंमकुस नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में अंतरराष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डब्ल्यूएचओ द्वारा इस वर्ष की थीम के मुताबिक कार्यशाला का विषय था नशे के विरुद्ध जागरूकता ही रोकथाम है। प्रबुद्ध समाजसेवी एवं स्वरोजगार सलाहकार नीरज त्यागी ने बतौर मुख्य अतिथि इस विशेष कार्यशाला में हिस्सा लिया। विषय पर संबंधित अन्य एक्सपर्टस ने भी विचार विमर्श किये।

भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने बताया कि नशा समाज में फैली एक ऐसी बुराई है जिसे जागरूकता के माध्यम से ही खत्म किया जा सकता है और यही इस बार की थीम भी है। संस्थान द्वारा रिहैब सेंटर में रह रहे संवासियों और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग सेशन के दौरान भी इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि नशे के विरुद्ध उनमें जागरूकता लाई जाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबुद्ध समाजसेवी एवं स्वरोजगार सलाहकार नीरज त्यागी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नशामुक्ति केंद्र से पुनर्वासित होकर मुख्य धारा में जीवन यापन के लिए सबसे जरूरी चीज है व्यक्ति का आर्थिक पक्ष। नशे की लत में पड़कर व्यक्ति अक्सर अपना व्यापार आदि सब कुछ खो बैठता है। लेकिन कई सरकारी योजनाएं ऐसी हैं जिसमें ऐसे व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए लोन उपलब्ध है। केंद्र में भर्ती मरीजों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आप में से भी कोई यहाँ से निकल कर स्वरोजगार करना चाहता है तो संस्थान के माध्यम से उसकी सहायता की जा सकती है।



# गाजियाबाद में गैंगरेप के 2 आरोपी अरेस्ट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में नशीली रेड बुल पिलाकर 15 वर्षीय किशोरी से गैंगरेप करने के दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। गैंगरेप पीड़िता का गुपचुप तरीके से इलाज करने और पुलिस को सूचित नहीं करने के आरोप में पुलिस ने डॉक्टर को भी हिरासत में लिया है। जिन दो लोगों ने पीड़िता पर दबाव बनाया, उनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीमें जुट गई हैं। 11 जून को हुआ था गैंगरेप मूल रूप से बागपत जिले में अशरफाबाद थल निवाएी एक परिवार फिलहाल गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गांव पसौंडा स्थित प्रेम गार्डन में रहता है। परिवार में मां और उनके तीन बच्चे हैं। मां फ्लैट्स में झाड़ू-पोंछा करके परिवार का गुजारा करती है। छोटे दो भाइयों की देखभाल 15 वर्षीय किशोरी करती है। 11 जून को इस किशोरी से शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के एक फ्लैट में गैंगरेप हुआ। आरोप लगा मकान मालिक के भतीजे सारिक और उसके दोस्त मोहित पर। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली।

# संसद में दूसरे देश की जय के नारे लगाने वाले ओवैसी को बर्खास्त किया जाए : डॉ.अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने संसद भवन में लोकसभा के सांसद की शपथ के दौरान असदुद्दीन ओवैसी द्वारा फिलिस्तीन की जय के नारे लगाने की घोर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।डॉ. अतुल जैन ने कहा है कि यह संसद की गरिमा के विरुद्ध किया गया कृत्य है इससे गाजियाबाद के आमजन की ही भावनाओं को नहीं संपूर्ण भारतवर्ष के नागरिकों को ठेस पहुंची है। यह देश के विरुद्ध किया गया कृत्य है जिसे क्षमा नहीं किया जा सकता है। भारत की संसद एक मंदिर के समान है जिसमें सभी नतमस्तक रहते हैं और देश के विकास के लिए आमजन के हितार्थ यहां पर निर्णय लिए जाते हैं। अपने देश की संसद में हम दूसरे देश के नारे लगाने का घोर विरोध करते हैं।डॉ.अतुल कुमार जैन के साथ-साथ काफी संख्या में गाजियाबाद के नागरिकों ने नारे लगाकर भारत माता की जय बोली और ओवैसी द्वारा फिलिस्तीन की जय बोलने वाले वक्तव्य की घोर निंदा की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। पौत्र का हैप्पी बर्थडे हो तो दादा जी से ज्यादा खुशी किसे होगी। हार्दिक के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और आशीर्वाद के साथ ढेर सारा प्यार उनके दादा ईश्वर मावी ने दिया। ये खूबसूरत पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।